● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 265, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 10 नवम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



आरएसएस ने संभाली महाराष्ट्र में कमान 5

सैमसन के तूफान से उड़ा साउथ अफ्रीका 6

## दलित-आदिवासी एकता के कारण समर्थन आधार खो रही कांग्रेस : पीएम

### पीएम मोदी बोले-विकसित महाराष्ट्र के लिए महायुति सरकार चाहिए

नांदेड़



महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री ने शनिवार को नांदेड़ में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, आज पूरे महाराष्ट्र में महायुति और भाजपा के पक्ष में लहर है। आज देश विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है और देश की जनता जानती है कि भाजपा और उसके सहयोगी दल इसके लिए गंभीरता से काम कर रहे हैं। यही वजह है कि जनता बार-बार भाजपा और राजग (एनडीए) सरकार को चुन रही है।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, आज मैं डबल ड्यूटी कर रहा है। सबसे पहले मैं मोदी के लिए मदद मांग रहा हूं और दूसरा महाराष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए। हरियाणा चुनाव में भाजपा को इतिहास में सबसे ज्यादा वोट मिले। अब महाराष्ट्र की जनता भी इतिहास दोहराने जा रही है। उन्होंने कहा, पिछले दो दिनों में मैं महाराष्ट्र में जहां भी गया, सभी के मन में यही बात थी कि लोकसभा में जो कमी थी, इस बार विधानसभा में उसे मजबूती से पूरा करना है। लोग कह रहे हैं कि विकसित महाराष्ट्र के लिए महायुति सरकार चाहिए। महाराष्ट्र ने लंबे समय तक कांग्रेस और उसके पापों का प्रकोप झेला है।

मोदी ने आगे कहा, दलितों और आदिवासियों की एकता के कारण कांग्रेस पिछले कुछ वर्षों से अपना समर्थन आधार खोती जा रही है। कांग्रेस के लोग भारत का संविधान शीर्षक वाली एक लाल किताब दिखा रहे हैं, जिसके अंदर खाली पन्ने हैं। यह बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति कांग्रेस की उपेक्षा और नफरत का प्रमाण है।

कश्मीर में अनुच्छेद 370 को बहाल करने की विपक्षी पार्टी की मांग का जिक्र करते हुए मोदी ने पूछा, कांग्रेस के लोगों को अनुच्छेद 370 से इतना प्यार क्यों है? कांग्रेस के इस मूर्खतापूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण सियासी खेल से पूरा देश सदमे में है। उन्होंने आगे कहा, आज महाराष्ट्र में भाजपा और महायुति के समर्थन में लहर है। आज हर किसी की जुबान पर एक ही नारा है- भाजपा-महायुति आहे, तार गति आहे। महाराष्ट्राची प्रगति आहे (केवल भाजपा-महायुति ही महाराष्ट्र की तेज प्रगति सुनिश्चित करेगी)। पीएम मोदी ने कहा, आज देश विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है और देश की जनता जानती है कि केवल भाजपा और उसके सहयोगी ही इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए गंभीरता से काम कर रहे हैं। यही कार है कि देश की जनता बार-बार भाजपा और एनडीए सरकार को चुन रही है।

### पीएम ने दिया एक है तो सेफ हैं का नारा

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार दूसरे दिन रैली की। उन्होंने शनिवार को अकोला में एक बार फिर एक हैं तो सेफ हैं का नारा दिया। इससे पहले 8 नवंबर को नासिक और धुले की रैली में भी उन्होंने यह नारा लगाया था। आज अकोला की रैली में पीएम के निशाने पर एक बार फिर कांग्रेस ही रही। उद्धव ठाकरे और शरद पवार के बारे में एक शब्द नहीं बोला। उन्होंने कहा- जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आर्टिकल 370 की वापसी की मांग हो रही है। कांग्रेस और उसके सहयोगी इसका समर्थन करते हैं। पाकिस्तान भी यही चाहता है। पीएम ने कहा- कांग्रेस की सरकार जिस राज्य में बन जाती है, वह राज्य शाही परिवार (गांधी परिवार) के लिए एटीएम बन जाता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक सरकार का जिक्र किया। कहा- चुनाव महाराष्ट्र में है और वसूली इन राज्यों में डबल हो गई है।

## सरकार, दिव्यांगजनों के सामान्य जीवन यापन के लिये हर तरह की करेगी मदद: डॉ. यादव

### 470 दिव्यांगजनों को 1 करोड़ 33 लाख रूपये के सहायक उपकरण वितरित



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरकार दिव्यांगजनों के सामान्य जीवन यापन के लिये हर तरह की मदद के लिये तत्पर है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि क्षेत्र में इन वर्गों के लोगों ने सदैव ही अपना परचम लहराया है। इतिहास के प्रसिद्ध शास्त्रार्थी अष्टावक्र, सूरदास, संगीतकार रविन्द्र जैन हों या संत रामभद्राचार्य, सभी ने दिव्यांगता को धता बता अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार दिव्यांगजनों को अवसर प्रदान करने के लिये संकल्पित हैं। यह प्रसन्नता का विषय है कि शासकीय सेवा में आने वाले दिव्यांगजन पूरी दक्षता के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक संभागीय कमिश्नर जो दिव्यांग होने के बाद भी पिछले 6 माह से अपने दायित्वों का उत्कृष्टतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। सरकार दिव्यांगों के सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण का मौका दिये जाने पर ईश्वर को धन्यवाद देते हुए कहा कि जीवन का नाम ही संघर्ष है। इस संघर्ष में विजयी होने के लिये सरकार सदैव ही दिव्यांगजनों के साथ खड़ी है। उन्होंने दिव्यांगों और महिलाओं के लिये शासकीय सेवा में आरक्षण नियमों पर भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा कि पूरे देश में मध्यप्रदेश एक मात्र ऐसा राज्य है, जिसने महिलाओं को 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया है। इसके अलावा आजीविका के लिये प्रोत्साहन और मदद का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को इंदौर के ग्रामीण हाट बाजार में आयोजित कार्यक्रम में इंदौर के 470 दिव्यांगजनों को लेपटॉप, मोट्रेट ट्राईसिकल सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किये। दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोडने के लिए उन्हें आत्म-सम्मान से जीवन-यापन करने के लिए राज्य सरकार के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार की एडिप योजना तथा अवंतिका गैस एजेन्सी के सीएसआर के साथ भारतीय रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से इंदौर जिले के 155 दिव्यांगजनों को मोट्रेट ट्राईसाइकल, नि:शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 81 छात्र/छात्राओं को लैपटॉप, 6 दम्पतियों को मुख्यमंत्री नि:शक्त विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता, 130 दिव्यांग वृद्धजनों को डिजीटल श्रवणयंत्र, 99 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, सी.पी.वेयर, बैशाखी और कैलीपर्स दिये गये।

## कांग्रेस ने ग्रामीण इलाकों को नहीं दी प्राथमिकता : गडकरी

**वर्धा।** महाराष्ट्र के चुनावी रण में मोर्चा संभालते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने कहा, अगर कांग्रेस ने ग्रामीण भारत को प्राथमिकता दी होती तो किसान आत्महत्या नहीं कर रहे होते और गांवों में गरीबी कम होती।

वर्धा जिले के अरवी में एक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा न तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी है और न ही उनकी, बल्कि यह उन कार्यकर्ताओं की पार्टी है जिन्होंने अपना जीवन इसके लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा में पार्टी कार्यकर्ताओं के योगदान की भी सराहना की। इस दौरान नागपुर सांसद और केंद्रीय मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ता के रूप में अपने दिनों को याद किया, जब वह राज्य के विदर्भ क्षेत्र में पड़ोसी वर्धा जिले में स्कूटर पर सबसे पीछे और तीसरी सीट पर बैठकर जाते थे। यह क्षेत्र महाराष्ट्र के 288 विधायकों में से 62 का चुनाव करता है। जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत के 75 साल के इतिहास में कांग्रेस ने कभी भी देश के ग्रामीण इलाकों के विकास को प्राथमिकता नहीं दी। गांवों में सड़कें नहीं थीं और पीने का पानी नहीं था। कांग्रेस ने कभी भी ग्रामीण भारत के विकास के बारे में गंभीरता से नहीं सोचा। उन्होंने कहा, अगर ग्रामीण भारत को प्राथमिकता मिलती तो किसान आत्महत्या नहीं करते, गांवों में गरीबी नहीं होती।

वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन गडकरी ने आगे कहा कि वह किसी भी तरह के आरक्षण का विरोध नहीं करते, लेकिन राजनीति के लिए कभी भी धर्म और जाति का इस्तेमाल नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े हैं, उन्हें आर्थिक और शैक्षणिक रूप से सक्षम बनने के लिए आरक्षण मिलना चाहिए, लेकिन जातियों की ढाल को आगे रखकर नहीं।

## सीजेआई बनने से पहले जस्टिस खन्ना ने मॉर्निंग वॉक छोड़ी

**नई दिल्ली।** 11 नवंबर को भारत के मुख्य न्यायाधीश की शपथ लेने जा रहे जस्टिस संजीव खन्ना ने मॉर्निंग वॉक छोड़ दी है। दरअसल, जस्टिस खन्ना को सिक्योरिटी के साथ मॉर्निंग वॉक पर जाने की सलाह दी गई थी, लेकिन जस्टिस खन्ना ने इससे इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि सिक्योरिटी की आदत नहीं है। जस्टिस खन्ना सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के रिटायरमेंट के बाद जस्टिस संजीव खन्ना भारत के 51वें चीफ जस्टिस होंगे।

## निर्मला सीतारमण बोलीं-पितृसत्ता लेफ्ट का बनाया कॉन्सेप्ट

### अगर ये महिलाओं को आगे बढ़ने से रोकता, तो इंदिरा गांधी पीएम कैसे बनीं

**बेंगलुरु।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पितृसत्ता को लेकर अपनी राय दी है। उन्होंने कहा कि अगर पितृसत्ता भारत में महिलाओं को अपनी इच्छाओं को पूरा करने से रोकती, तो इंदिरा गांधी कैसे प्रधानमंत्री बन पाईं?

बेंगलुरु के सीएमएस बिजनेस स्कूल में शनिवार को स्टूडेंट्स से बातचीत के दौरान उन्होंने ये बात कही। महिला सशक्तिकरण को लेकर एक सवाल का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि पितृसत्ता का विचार लेफ्टिस्ट पार्टियों ने बनाया है। सीमारमण ने महिलाओं



को सलाह दी कि वे आकर्षक जटिल शब्दों के जाल में न उलझें। अगर आप अपने लिए खड़े होते हैं और तर्कसंगत तरीके से बात रखते हैं, तो पितृसत्ता आपको अपने सपने पूरे करने से नहीं रोक सकती। हालांकि उन्होंने यह माना कि महिलाओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं मौजूद नहीं हैं और इसमें बदलाव की जरूरत है। निर्मला बोलीं- मोदी सरकार ने इनोवेटर्स के लिए बेहतर माहौल बनाया इस कार्यक्रम में निर्मला ने केंद्र सरकार की तरफ से इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों और युवाओं के लिए मौजूद सरकारी योजनाओं के बारे में बातचीत की।

निर्मला ने इनोवेशन के मौकों को लेकर कहा कि मोदी सरकार ऐसा माहौल बना रही है जो इनोवेटर्स के लिए अच्छा है। हमारी सरकार सिर्फ नीतियां बनाकर इनोवेशन को सपोर्ट नहीं करती है।

## देश का बड़ा हिस्सा सेना की उपलब्धियों से अनजान : सीडीएस

**नई दिल्ली।** इंडियन मिलिट्री हेरिटेज फेस्टिवल का दूसरा एडिशन शुक्रवार को नई दिल्ली में शुरू हुआ। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने कहा- देश का बड़ा हिस्सा भारतीय सेना की उपलब्धियों को नहीं जानता। इसलिए इसे एजुकेशन में भी जोड़ा जाएगा।

शुक्रवार को फेस्टिवल के दौरान सीडीएस ने शौर्य गाथा प्रोजेक्ट लॉन्च किया। इसका मकसद अगली पीढ़ी में नेशनल प्राइड यानी राष्ट्रीय गर्व की भावना बढ़ाना है।

## पाकिस्तान में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर सुसाइड अटैक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह ब्लास्ट में 26 लोगों की मौत हो गई। धमाके में 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले की जिम्मेदारी मिलिटेंट ग्रुप बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है।


बीएलए प्रवक्ता ने कहा कि आत्मघाती हमले को मजीद ब्रिगेड यूनिट ने अंजाम दिया। उनका निशाना मिलिटेंट इन्फैंट्री स्कूल के सैनिक थे, जो कोर्स पूरा कर जाफर एक्सप्रेस से पेशावर जाने वाले थे।

अधिकारियों ने बताया कि कई घायल यात्रियों की मौत अस्पताल में हुई। क्वेटा सिविल हॉस्पिटल के प्रवक्ता वसीम बैग ने पाकिस्तानी अखबार द डॉन को बताया कि मारे गए लोगों में 14 आर्मी जवान और 12 आम नागरिक हैं। उधर, अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि इस हमले के पीछे बीएलए है।

## मुंबई में 2051 तक 54 फीसदी कम हो जाएगी हिंदू आबादी

**मुंबई।** भाजपा नेता किरीट सोमैया ने दावा किया है कि मुंबई में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या बढ़ती जा री है। अगर यही हाल रहा तो 2051 तक शहर में हिंदू आबादी घटकर सिर्फ 54% रह जाएगी।

किरीट सोमैया ने कहा, मेरे पास टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज की एक रिपोर्ट है। इस रिपोर्ट के अनुसार शहर में हिंदू आबादी घट जाएगी। इसलिए हम (भाजपा) कहते हैं एक है तो सुरक्षित है। किरीट ने यह भी दावा



किया कि अगले 27 साल में गोवंडी, मानखुर्द, धारावी और कुर्ला की झुग्गियों में रोहिंग्याओं की संख्या बढ़ जाएगी।

सोमैया ने पीएम मोदी की एक हैं तो सुरक्षित हैं टिप्पणी का समर्थन किया और कहा- मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है वे मुंबई में सभी अवैध मस्जिदों को मान्यता देंगे। लव जिहाद को रोकने और लव जिहाद के सभी मामलों को वापस लेने के लिए कानून नहीं बनने देंगे। इसलिए मतदाताओं ने फैसला किया है कि एक हैं तो सुरक्षित हैं।

रिपोर्ट में दावा- वोट के लिए अप्रवासियों का इस्तेमाल टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर प्रो. शंकर दास और को-प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर सौविक मंडल ने इस विषय पर स्टडी रिपोर्ट तैयार की है। जिसमें यह आरोप भी लगाया गया है कि अवैध अप्रवासी कम-कुशल नौकरियां लेकर शहर की सामाजिक-अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में वेतन में कमी और असंतोष बढ़ रहा है। यह रिपोर्ट 5 नवंबर को एक संस्थान के सेमिनार में पेश की गई।

इसमें कहा गया कि कुछ राजनीतिक संस्थाओं पर वोट बैंक की राजनीति के लिए अवैध अप्रवासियों का इस्तेमाल कर रही हैं।

## ट्रूडो ने माना- कनाडा में खालिस्तानी समर्थक मौजूद

**ओटावा।** भारत और कनाडा के बीच जारी कूटनीतिक विवाद के बीच कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने पहली बार यह माना है कि कनाडा में खालिस्तान समर्थक मौजूद हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि ये लोग पूरे सिख समुदाय को रिप्रेजेंट नहीं करते।

ट्रूडो ने यह बात 8 नवंबर को कनाडाई संसद पार्लियामेंट हिल में आयोजित दिवाली समारोह में कही। उन्होंने यह भी कहा कि कनाडा में रहने वाले कई हिंदू पीएम मोदी के समर्थक भी हैं, लेकिन वे पूरे कनाडाई हिंदू समाज का प्रतिनिधित्व नहीं करते।

दरअसल, भारत का आरोप है कि कनाडा खालिस्तानी आतंकियों को शरण देता है। इस आरोप को अब तक कनाडाई पीएम और अन्य मंत्री खारिज करते आए हैं। ऐसे में ट्रूडो का बयान काफी अहम माना जा रहा है।

## लॉरेंस गैंग के निशाने पर पुणे का बड़ा नेता था

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लेने वाले लॉरेंस गैंग के निशाने पर पुणे का एक बड़ा नेता भी था। बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच कर रही मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस बात का खुलासा किया है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक लॉरेंस गैंग ने अपने शूटर्स को इस नेता की हत्या करने की जिम्मेदारी दी थी।

मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया कि बाबा सिद्दीकी को मारने के लिए लॉरेंस गैंग ने प्लान क्र बनाया गया था। जिन शूटर्स को इस प्लान क्र में शामिल किया गया था, उन्हें बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद पुणे के नेता को मारने की जिम्मेदारी दी गई थी।

## भोपाल, इंदौर समेत सभी शहरों के मास्टर प्लान समय सीमा में पूर करें : सीएस अनुराग

**भोपाल।** भोपाल-इंदौर समेत कई शहरों के मास्टर प्लान पर नए सिरे से काम हो रहा है। शुक्रवार को मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मास्टर प्लान को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को सभी शहरों के मास्टर प्लाना तय समय-सीमा में पूरे करने को कहा। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के एक अधिकारी के अनुसार भोपाल का मास्टर प्लान लगभग तैयार है और सरकार से मंजूरी मिलने के एक महीने के अंदर नया ड्रॉफ्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा। बता दें, भोपाल के मास्टर प्लान के ड्रॉफ्ट को जनप्रतिनिधियों की आपत्ति के बाद रद्द कर दिया गया था। मुख्य सचिव ने बैठक में अधिकारियों को बुनियादी ढांचे के विकास की लागत क कवर करने के लिए लैंड पुलिंग प्रणाली को अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे भूमि अधिगृहण की प्रक्रिया आसान होगी। उन्होंने अधिकारियों को मास्टर प्लान जल्द पूरे करने और उनको योजनाबद्ध तरीके से लागू करने की बात कही है।

नगरीय प्रशासन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि भोपाल के मास्टर प्लान का ड्रॉफ्ट फिर से तैयार किया जा रहा है। इसमें दावे आपत्ति आमंत्रित की जाएगी और उसके बाद ड्रॉफ्ट मंजूरी के लिए सरकार को भेजा जाएगा। इस ड्राफ्ट को प्रकाशित होने की प्रक्रिया में अभी सात से आठ माह का समय लगेगा।

## हम नफरत को मोहब्बत से हराकर दिखाएंगे : राहुल

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर में कांग्रेस की चुनावी रैली को संबोधित करने पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से तीखे सवाल पूछे। उन्होंने जनसभा में मौजूद लोगों से पूछा, पीएम मोदी ने आपके बच्चों का कितना कर्ज माफ किया? कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने खुद इसका जवाब भी दिया। उन्होंने कहा, सरकार ने एक भी रुपया माफ नहीं किया। उन्होंने अरबपति कारोबारियों- अडानी और अंबानी का नाम लेकर कहा कि केंद्र सरकार ने इन जैसे 25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके मंसूबे कामयाब नहीं होने देगी। बकौल राहुल गांधी, हम संविधान की रक्षा करते रहेंगे, उन्हें संविधान को छूने तक नहीं देंगे।

जमशेदपुर की जनसभा में राहुल ने भाजपा पर नफरत फैलाने के आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा, नफरत को नफरत से नहीं मिटाया जा सकता है। नफरत को सिर्फ मोहब्बत से मिटाया जा सकता है। हम नफरत को मोहब्बत से हराकर



दिखाएंगे। उन्होंने मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया और कहा कांग्रेस नीत विपक्षी गठबंधन-इंडिया ने तय किया है कि जितना पैसा इन लोगों ने अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा हम आपके बैंक खाते में डालेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद, इंडिया ब्लॉक की सरकार झारखंड की महिलाओं के बैंक खाते में हर महीने 2500 रुपये डालेगी। उन्होंने अपने लोकप्रिय अंदाज में कहा, 1 जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर को आपके बैंक खाते में 2500 रुपये आएंगे खटा-खट, खटा-खट।

राहुल गांधी ने घोषणा पत्र के वादे भी दोहराए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को हर महीने 7 किलो राशन मिलेगा। गैस सिलेंडर की कीमत 450 रुपये होगी। बकौल राहुल गांधी, झारखंड में जो भी बीमार पड़ेगा, उसके लिए हम नई स्वास्थ्य बीमा योजना ला रहे हैं... अगर आपको कोई ऑपरेशन करवाना है... तो सबसे गरीब व्यक्ति भी अस्पताल जा सकेगा। हमारी सरकार बनने पर झारखंड सरकार पात्र लोगों को 15 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज भी कराएगी।

राहुल गांधी ने झारखंड की चुनावी रैली में भी जातिगत जनगणना की बात दोहराई। उन्होंने कहा, मैंने मोदी जी से साफ कह दिया है- आप जातिगत जनगणना को रोक नहीं सकते हैं। हम इसी संसद में जातिगत जनगणना को पास करके दिखाएंगे और आरक्षण में 50% की दीवार को तोड़ देंगे।

# निवास चौकी क्षेत्र में रेत का कारोबार पकड़ा जोर

## टैक्टरो से खुले आम हो रहा रेत का अवैध परिवहन, चौकी प्रभारी के कार्यप्रणाली पर खड़े हो रहे सवाल

सिंगरौली।

सरई थाना क्षेत्र के निवास चौकी अंतर्गत इन दिनो रेत का अवैध कारोबार जोर पकड़ लिया है। रेत कारोबारी खुलेआम निवास पुलिस के संरक्षण में रेत के अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। रेत के अवैध कारोबार से परेशान लोगो ने इसकी मौखिक शिकायत निवास चौकी में की लेकिन ग्रामीणों की शिकायत को पुलिस ने अनुसना कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि निवास चौकी पुलिस के संरक्षण में रेत का अवैध कारोबार शाम ढलते ही शुरू हो जाता है,जो सुबह 10 बजे तक चलता है। अभी हाल ही में महुआ गांव में दर्जनो ट्रैक्टर डंप हुए अवैध रेत पर राजस्व की टीम ने कार्यवाही की थी लेकिन निवास चौकी पुलिस ने इन रेत कारोबारियों पर कार्यवाही करने कोई जहमत नही उठा रही है बल्कि रेत कारोबारियों को संरक्षण देकर खुलेआम रेत परिवहन करा रही है।



गौरतलब हो कि निवास चौकी क्षेत्र में रेत के साथ-साथ अवैध गांजा,शराब व कबाड़ का भी कारोबार चरम सीमा पर है। जहां शाम ढलते ही रेत का अवैध कारोबार शुरू हो जाता है। इस कारोबार से परेशान ग्रामीणो का कहना है कि इन कारोबारियों को पुलिस खुली छूट दे रखी है। आलम यह है कि कबाड़, शराब,गांजा का गोरखधंधा धड़ल्ले चल रहा है। स्थिति ऐसी है कि हर चौक-चौराहे गली मुहल्ले में जगह-जगह नशीले पदार्थों की बिक्री खूब की जा रही है। वहीं महुआगांव देशी-विदेशी शराब दुकान से शाम ढलने के बाद जगह जगह शराब की खेप गांवों में पहुंचाई जाती है। सूत्रों की माने तो यह भी बताते हैं कि शराब की पैकारी करने के लिए मोटरसायकिल लगे हुए हैं। सभी ढाबों में भारी मात्रा में शराब की खेप पहुंचा दी जाती है। इसके साथ ही क्षेत्र के अन्य कई ठिकानों पर नियमित रूप से शराब उपलब्ध कराई जाती है। निवास पुलिस अवैध कारोबारियों के ऊपर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है जबकि चौकी क्षेत्र में गांजा कारोबार का गढ़ बन चुका है। इसके अलावा इन दिनों कई नशीले पदार्थों का कारोबार लम्बे अर्से चल रहा है। गौरतलब है कि सिंगरौली पुलिस अधीक्षक की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। माना की जब से सिंगरौली जिले का कामान सम्भाले है तब से लगातार दिन हो या रात कडी मेहनत के साथ जिले को नशा मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा एवं रेत माफियाओं पर भी शिकंजा कसते नजर आ रहे हैं लेकिन उन्ही के कुछ आला अधिकारी चौकी प्रभारी को इसका कोई असर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा जबकि सिंगरौली कप्तान का कड़ा निर्देश भी जारी है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी, फिर भी उनके मनशूबों निवास चौकी प्रभारी पानी फेरते हुए नजर आ रहे हैं।

**गन्नई घटना के बाद भी सबक नही ले रहे चौकी प्रभारी**

बताते चले कि विगत दो महीने पहले बरका चौकी क्षेत्र के गन्नई में अवैध रेत माफियाओं द्वारा एक आदिवासी युवक के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाकर हत्या कर दी गई थी। जिसको लेकर काफी बवाल हुआ था। पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने सिंगरौली की प्रभारी मंत्री, आईजी, विधायक, कलेक्टर,एसपी समेत अन्य आला अफसर मौके पर पहुंचे थे। गन्नई घटना को लेकर आईजी ने थाना व चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया था कि क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार नही चलना चाहिए। अगर जिस थाना व चौकी क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबारी की जानकारी मिलती है तो उस थाना के थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। लेकिन निवास चौकी प्रभारी उक्त निर्देश दरकिनार करते हुए चौकी क्षेत्र में रेत के अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रखा है।

# जनपद चितरंगी के अधिकारियों के इशारे पर पंचायत भवन निर्माण मे अनियमितता

## मामला ग्राम पंचायत करौंदिया का, बना दिया गुणवत्ता विहीन पंचायत भवन

सिंगरौली। जनपद पंचायत क्षेत्र चितरंगी के ग्राम पंचायत करौंदिया में पिछले पॉच साल के दौरान निर्माण कार्यो में व्यापक गड़बड़ी एवं गुणवत्ता विहीन कार्य कराये जाने के आरोप पंचायत के सरपंच-सचिव एवं उपयंत्री पर लगाया जा रहा है। वही पंचायत भवन का कार्य भी अधूरा पड़ा हुआ है। बता दे कि जनपद पंचायत चितरंगी के ग्राम पंचायत करौंदिया में व्यापक पैमाने पर सरपंच एवं सचिव पर भ्रष्टाचार किये जाने के आरोप लगाये जा रहे हैं। कई ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत भवन का कार्य कई वर्षो से चल रहा है। लेकिन अभी तक कार्य पूर्ण नही कराया जा सकता है। वही पिपड़खड़ सहित अन्य स्थानों पर आंगनवाड़ी भवन गुणवत्ता विहीन निर्माणाधीन है। इतना ही नही सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण भी पॉच लाख रूपये के अधिक लागत से करीब तीन साल पूर्व निर्माण कार्य कराया गया था। आरोप है कि स्वच्छता परिसर का



निर्माण ऐसे सुनसान जगह पर कराया है। जहां किसी का आना-जाना नही होता है। यहां तक की पालतू मवेशी भी नही जाते। सुनसान जगह पर स्वच्छता परिसर का निर्माण कराये जाने के बाद ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों पर ग्रामीणों ने कमिशनखोरी कर राशि की बंदरबांट करने का आरोप लगाया है। इतना ही नही लाखों रूपये से निर्मित पीसीसी सड़के भी ध्वत हो चुकी हैं। यह भी आरोप है कि मैरिहवा एवं बेल्दरा तालाब का निर्माण कार्य अधूरा है। इसी तरह खरखौली आंगनवाड़ी भवन निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की गई। ग्रामीणों ने उक्त पंचायत में निर्माण कार्यो की जांच कराये जाने की मांग कलेक्टर से की है।

**शिकायतों को लेकर लापरवाह बना जनपद अमला**

करौंदिया ग्राम पंचायत के कई ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। कई कार्य निर्माणाधीन है और चेक डेम, आंगनवाड़ी भवन, पंचायत भवन , गुणवत्ता विहीन कार्य कराये गये हैं। इसकी शिकायत जनपद से लेकर जिला पंचायत तक की गई है। लेकिन उक्त विभाग के अधिकारी शिकायत पत्र को रद्दी टोकरी में फे ंक दे रहे हैं या फिर शिकायत पत्रों को तिजोरी के फाईलों के पन्नी में डालकर शिकायतकर्ताओं को ही गुमराह करने में जुट जाते हैं। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि उक्त गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य उपयंत्री के सांठगांठ से हुआ है। भले ही पूरा मूल्यांकन नही हुआ। लेकिन पंचायत के पदाधिकारियों को लिखित तौर पर अल्टीमेटम या नोटिस नही दी गई। इसी पर संदेह उठता है।

# ग्राम पंचायत हर्हवा में साहकार ग्लोबल कंपनी ने किया वृक्षारोपण

सिंगरौली। साहकार ग्लोबल लिमिटेड बालू खदान कंपनी सिंगरौली के द्वारा हरियाली महोत्सव के अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्हवा में शंकर मंदिर व आसपास नदी किनारे सैकड़ों पेड़ लगाए गए जिसमें नीम, पीपल, अमरूद, सागौन, बबूल, जामुन, कटहर, नींबू आदि 100 से अधिक पेड़ लगाकर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के



अवसर पर मुख्य रूप से अजय तिवारी जीएम विकास विक्रम सिंह, जीएम रामकुमार गुप्ता जिला विजिलेंस हेड दिलीप शाह भाजपा नेता अरविंद सिंह तोमर नगर पालिका उपाध्यक्ष मोरध्वज सिंह भदोरिया अजय अग्रवाल दीपू सिंह भगवान सिंह तोमर शिवम शर्मा प्रहलाद द्विवेदी दिनेश वर्मा ददोली सिंह रामशंकर चौहान रोहित तिवारी शशांक शुक्ला सचिन सिंह सचिन बागरी सूरज सिंह करण बागरी सोनू शाह विपिन त्रिपाठी आदि अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

# आर्थिक सहायता राशि की मिली स्वीकृति

सिंगरौली। संतोष कुमार यादव पिता रामगरीब यादव ग्राम गड़ई गांव तहसील सरई जिला सिंगरौली अपने खेत में सिचाई करते समय जीआई तार की जाली में अचानक करेंट आ जाने से मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वारिस पत्नी सोनकली यादव को मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना के तहत 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृती प्रदान की गई है। वही बिहारी लाल पिता मुन्नीलाल पनिका की पुत्री दिव्या देवी ग्राम महरैल तहसील सरई का पिकअप वाहन से एक्सीडेंट उपरांत दिव्यां देवी उम्र 5 वर्ष की मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वारिस पिता बिहारी लाल पनिका ग्राम महरैल तहसील सरई को रूपये 15 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृती प्रदान की गई है।

# सरई क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों की मौज, स्वास्थ्य महकमा बेपरवाह

## कहीं कच्चे घर में तो कहीं टपरों और मेडिकल स्टोरों में चल रहा गंभीर इलाज

सिंगरौली। जिले के सरई तहसील मुख्यालय इन दिनों झोलाछाप डॉक्टरों का गढ़ बनता जा रहा है।आला अधिकारियों की नजर अंदाज के कारण इस क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर, सैकड़ों मेडिकल व बंगालियों का क्लीनिक अवैध तरीके से संचालित हो रहे हैं,जो शहर क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण जनता के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।जब तहसील मुख्यालय में ही सरेआम चिकित्सा का गोरखधंधा चल रहा है तो ग्रामीणों क्षेत्रों में क्या हालत होगी,इसका




अंदाजा लगाया जा सकता है। सरई तहसील मुख्यालय क्षेत्र में कच्चे रहवासी घरों एवं मेडिकल स्टोरों में गोरखधंधे का आलम यह है कि यहां दवाएं बेचने के साथ साथ बकायदा गंभीर मरीजों को भर्ती करके उनका इलाज भी किया जाता है। इतना ही नहीं बिना लाइसेंस डिग्री के ही कच्चे रहवासी घरों में क्लीनिक खोलकर दवा और इलाज करके लोगों को हैरान कर देते हैं।इस क्षेत्र में इतना धल्ले से गोरखधंधा चल रहा है कि बाटल इंजेक्शन लगाने के साथ साथ हर प्रकार की दवाएं भी बेची जाती है, जिन्हें क्षेत्र के युवा दवा की तरह नहीं बल्कि नशें की तरह प्रयोग में लेते है। ठीक इसी प्रकार इन क्षेत्रों में बंगाली डाक्टरों का भी बहुत ज्यादा भरमार है जो ये डाक्टर मेडिकल साइंस के दावों की झुठलाते हुए बवासीर, हर्निया, हाइड्रोसिल जैसे गंभीर जटिल बीमारियों का इलाज बिना आपरेशन के ही करने के दवा करते हैं जबकि विशेषज्ञ चिकित्सक भी इन बिमारियों का इलाज के लिए आपरेशन की आवाश्यकता जताते हैं।

# अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने पुरी बीच पर एनटीपीसी लिमिटेड के 50वें साल पूरे होने का मनाया जश्न

सिंगरौली। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा उपयोगिता कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने 7 नवंबर को अपने 50वें स्थापना दिवस का आयोजन किया, जिसमें कंपनी के पिछले पांच दशकों में हुई उपलब्धियों और योगदान को सराहा गया। इस खास मौके पर, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने ओडिशा के पुरी बीच पर एनटीपीसी के 50 वर्षों का प्रतीक



चिन्ह अपनी अद्भुत सैंड आर्ट के रूप में तैयार किया। सुदर्शन पटनायक, जो अपनी सैंड आर्ट के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं, ने लिमिटेड के 50 वर्ष पूर्ण होने पर कंपनी के नए लोगो को सैंड आर्ट के रूप में उकेरा। इस लोगो में अनंत लूप और लचीला रूप दर्शाया गया है, जो लिमिटेड की निरंतर प्रगति और भविष्य की ओर बढ़ने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। लिमिटेड का नया 50 वर्ष लोगो अपने आप में कई महत्वपूर्ण संदेश देता है। नीला रंग कंपनी की थर्मल ऊर्जा की विश्वसनीयता और स्थिरता का प्रतीक है, जबकि हरा रंग नवीकरणीय ऊर्जा में लिमिटेड की प्रगति को दर्शाता है। इसके अलावा, सुनहरा रंग कंपनी की महत्वाकांक्षा और सतत विकास के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इस सैंड आर्ट के जरिए सुदर्शन पटनायक ने लिमिटेड की यात्रा और उसके योगदान को याद किया, साथ ही आने वाले समय में ऊर्जा क्षेत्र में कंपनी के भविष्य को लेकर आशावाद को व्यक्त किया।

## बिजली विभाग की लापरवाही

# मजदूर पर गिरा हाईटेंशन तार, सड़क में ही मौत

सिंगरौली। सरई के बरका चौकी क्षेत्र अंतर्गत मजदूरी करने जा रहे मजदूर के ऊपर 11 हजार वोल्टेज का तार टूटकर गिर गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही परिजनों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया हैं। मिली जानकारी के अनुसार, बरका चौकी गांव निवासी 42 वर्षीय भैया लाल सिंह पिता राम



बदन सिंह शनिवार की सुबह करीब 9.30 बजे बोरा लेकर मजदूरी के लिए जा रहा था। अचानक सड़क किनारे लगें 11 हजार पोल के जॉइंट में स्पार्क हुआ। और उसके ऊपर हाई वोल्टेज तार टूटकर गिर गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। मौत की खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। भैया लाल मजदूरी करता था। घर का वह एक मात्र कमाऊ सदस्य था। मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी विलाप करते बेहोश हो रहीं थी,जिसे संभालने में परिजन जुटे रहे। घटना को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। हादसे की सूचना पर पहुंचे प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। और घटना के पीछे सभी एंगल से जांच की जा रही हैं। चौकी प्रभारी सूरज सिंह ने बताया कि सम्भवत: तार गिरने के बाद युवक करेन्ट कि चपेट में आ गया। और उसे बचने तक का भी मौका नहीं मिला। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ग्यारह हजार वोल्ट की तार का कभी मेंटेनेंस नहीं किया जाता। जो खतरों से खाली नहीं है। विभाग की लापरवाही पर लोग आक्रोशित थे।

# कान्वेंट स्कूल बिलौंजी के सामने की सड़क घंटो तक रहती है जाम

## सड़कों पर खड़ी कर देते हैं बसें, यातायात पुलिस बनी है उदासीन




सिंगरौली। जिला मुख्यालय बैढ़न के कान्वेंट स्कूल बिलौंजी के सामने दोपहर 12 बजे से लेकर करीब 2 घंटे तक राहगीरों एवं अन्य वाहन चालकों को जाम के झाम से जुझना पड़ रहा है। यह समस्या एक दिन की नही है। अवकाश के दिन छोड़कर शेष सभी दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। दरअसल बैढ़न के बिलौंजी में स्थित कान्वेंट स्कूल के प्रवेश द्वार से लेकर करीब 3 सौ मीटर दूरी तक सुबह 7 से लेकर 8 बजे तक एवं दोपहर 12 से लेकर करीब 2 बजे तक ऐसा जाम लगता है कि पैदल आने-जाने वाले राहगीरों की भी मुश्किले बढ़ जाती हैं। आलम यह है कि सड़क में अव्यवस्थित वाहनों को बच्चों के अभिभावक खड़े कर देते हैं। जिसके चलते रोजाना अवकाश के दिन छोड़ जाम लगता रहता है। जबकि इसी मार्ग से देवरा, गनियारी आने-जाने का यही एक सड़क मार्ग है और यह मार्ग काफी व्यस्ततम है। फिर भी यातायात पुलिस स्कूल प्रबंधन पर न तो नकेल कस रही है और न ही बस चालकों को भी सड़क से दूर विद्यालय परिसर या अन्य स्थानों में खड़ा करने के लिए हिदायत दी जा रही है। इस मार्ग से चलने वाले कई गणमान्य नागरिको ने यातायात के लुंजपुंज व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है।

# आदर्श नवज्योति स्कूल सरई मे आयोजित हुआ अभिभावक मिलन समारोह

सिंगरौली। शनिवार को सिंगरौली जिले के सरई के आदर्श नवज्योति स्कूल में आयोजित अभिभावक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जो अपने आप में एक अनुकरणीय और क़ाबिले तारीफ पहल रही। इस बैठक ने विद्यालय और अभिभावकों के बीच न केवल एक संवाद सेतु का निर्माण किया, बल्कि बच्चों के शैक्षणिक और नैतिक विकास की दिशा में साझा संकल्प को और भी मजबूत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संचालक नीरज खरे के स्वागत भाषण से हुआ। अपने ओजस्वी संबोधन में उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, छात्रों की प्रगति और विविध सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के शैक्षणिक विकास में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है।




उन्होंने विद्यालय के उद्देश्य को स्पष्ट किया कि यहाँ शिक्षा का मतलब केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को नैतिकता, अनुशासन और सामाजिक मूल्यों की शिक्षा देना भी प्राथमिकता है। इसके पश्चात शिक्षकों ने विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने विभिन्न विषयों में बच्चों के प्रदर्शन का विस्तृत विश्लेषण किया और विद्यार्थियों की क्षमताओं को निखारने हेतु किए जा रहे विशेष प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को नैतिकता और मूल्यों के प्रति जागरूक बनाने में अभिभावकों से सक्रिय सहयोग की अपील की। अभिभावकों ने विद्यालय और शिक्षकों को अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि वे भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की इस यात्रा में उनके साथ हैं। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय के संचालक ने सभी अभिभावकों के योगदान और उपस्थिति के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मीटिंग ने यह सिद्ध कर दिया कि जब विद्यालय और अभिभावक मिलकर बच्चों के भविष्य को संवारने का प्रयास करते हैं, तो शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य सार्थक होता है। आदर्श नवज्योति स्कूल की यह पहल शिक्षा जगत में निश्चित ही अनुकरणीय और प्रशंसा के योग्य है। इस मौके पर कोमल गुप्ता, शहजाद खान, अजय गुप्ता, प्रकाश पांडेय, संतोष गुप्ता, संजय गुप्ता, अरूण जायसवाल ,चंद्रमणि सिंह, पूर्व छात्र आकाश सोनी, पत्रकार बिहारी लाल गुप्ता,रोशन गुप्ता, शिक्षक मनबहोर सोंधिया नीरज खरे, सरिता खरे, स्वति दुबे, ज्योति शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की

## सीधी जिले की 2 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में 26 करोड़ 23 लाख से अधिक की राशि डाली गई

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के इंदौर में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को रूपये 1573 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। साथ ही गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 26 लाख बहनों के खाते में 55 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से 55 लाख से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 333.32 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत सीधी जिले की 02 लाख 13 हजार 926 पात्र महिलाओं के खाते में प्रति महिला एक हजार 250 रूपये के मान से 26 करोड़ 23 लाख 81 हजार 300 रूपये की राशि अंतरित की गई। कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास आर.सी. त्रिपाठी तथा लाड़ली बहनों द्वारा सहभागिता की गई।




मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले में 02 लाख 13 हजार 926 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत जनपद पंचायत कुसमी में 17 हजार 807 महिलाओं, जनपद पंचायत मझौली में 29 हजार 885, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 45 हजार 26, जनपद पंचायत सीधी में 55 हजार 605 तथा जनपद पंचायत सिहावल में 52 हजार 545 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ ही नगरीय क्षेत्र की महिलाओं को भी लाभांवित किया गया। इसमें नगर पालिक सीधी में 6 हजार 265, नगर परिषद चुरहट में 2 हजार 479, नगर परिषद मझौली में 2 हजार 127 तथा नगर परिषद रामपुर नैकिन में 2 हजार 187 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये प्रत्येक महिला के मान से राशि अंतरित की गई। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सीधी जिले के 1 लाख 6 हजार 190 पात्र हितग्राहियों के खाते में 6 करोड़ 37 लाख 14 हजार रूपये की राशि अंतरित की गई। जनपद पंचायत कुसमी के 7177, मझौली के 13412, रामपुर नैकिन के 22194, सीधी के 28357 एवं सिहावल के 29032 पात्र हितग्राहियों को 600 प्रति हितग्राही के मान से राशि अंतरित की गई। इसी प्रकार नगरीय निकाय अंतर्गत सीधी के 2493, मझौली के 1174, चुरहट के 1259 एवं रामपुर नैकिन के 1092 पात्र हितग्राहियों के खाते मे राशि अंतरित की गई। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के 55277, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 12167, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय नि:शक्तजन योजना के 2287, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना के 727, मंदबुद्धिध्वहुविकलांग को आर्थिक सहायता योजना के 1662, सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धा योजना के 9140, सामाजिक सुरक्षा पेंशन परित्यक्ता पेंशन योजना के 287, सामाजिक सुरक्षा पेंशन नि:शक्त पेंशन योजना के 7315, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता राशि के 2316, सामाजिक सुरक्षा पेंशन कल्याणी पेंशन योजना के 15004 एवं मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना के 8 हितग्राहियों के खाते में 600 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई।

# विद्युत पेंशनर शाखा सीधी की बैठक संपन्न

सीधी

दिनांक 8 नवंबर को विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ शाखा सीधी में पेंशन की बैठक संपन्न हुई बैठक में प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष आर.डी. मिश्रा प्रांतीय उपाध्यक्ष बी.एल. पटेल प्रांतीय संगठन सचिव एस.एन. पटेल एवं के.एन. दुबे तथा सतना शाखा के सचिव विजेंद्र सिंह बैठक में उपस्थित हुए अधीक्षण अभियंता संचालन एवं संधारण सीधी से विद्युत पेंशनरों के समस्याओं के संबंध में बैठक संपन्न हुई। परंतु अधीक्षण अभियंता संचालन एवं संधारण सीधी एवं कार्यपालन अभियंता एसडीएम एसटीसी सीधी के द्वारा मुख्य अभियंता रीवा क्षेत्र के पत्र क्रमांक 3787 रीवा दिनांक 18 सितंबर 2024 के संबंध में जैसे ही चर्चा चालू हुई की मुख्य अभियंता रीवा क्षेत्र रीवा के निर्देशन के आधार पर श्रम कल्याण भवन को 15 दिवस के भीतर खाली कराया जाए परंतु कार्यपालन अभियंता शिवेंद्र सिंह के जिद के कारण श्रम कल्याण भवन जो कि मध्य प्रदेश विद्युत मंडल द्वारा श्रमिकों के हित के लिए बनवाया गया था। मुख्य अभियंता रीवा क्षेत्र के पत्र आने के उपरांत तत्काल 10 दिन के भीतर कंपनी स्तर से इलेक्ट्रॉनिक मीटर को टेस्ट करने के लिए नई



मशीन मंगवा कर शिफ्ट कर दिया गया। शिवेंद्र सिंह ने मुख्य अभियंता रीवा क्षेत्र की निर्देशों की अवहेलना करते हुए श्रमिक एवं उनके परिवारों के साथ अन्याय पूर्ण कार्रवाई की विद्युत पेंशनर्श की बैठक के लिए समकल्याण भवन पूर्व से बना हुआ था जिसमें जबरदस्ती कब्जा किया गया इसी बिंदु पर दोनों अधिकारियों के द्वारा जवाब न दिए जाने की कारण आदरणीय अधीक्षण अभियंता महोदय सीधी बैठक से बाहर आ गए वरिष्ठ विद्युत पेंशन के साथ या अच्छा कार्य नहीं किया गया जिसके कारण विद्युत पेंशन में आक्रोश की भावना पैदा हो गई है आज पेंशनरों की बैठने के लिए कहीं भी कहीं भी कार्यालय नहीं है पत्र उपाधि अभियंता संघ को पावर हाउस में कमरा आवंटित किया गया फेडरेशन संघ को पावर हाउस में कार्यालय हेतु आवंटित किया गया परंतु विद्युत पेंशनर्श जिनकी संख्या सीधी एवं सिंगरौली को मिलाकर हजारों की है एवं वरिष्ठ पेंशनर है प्रत्येक बैचलर 65 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं परंतु उनके बैठने की व्यवस्था कंपनी स्टार के अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन न करते हुए अन्याय पूर्ण रवैया अपनाया है इसलिए विद्युत पेंशनर आक्रोशित होकर आंदोलन जैसे कार्रवाई करने के लिए योजना बना रहे हैं।

# कैमोर पहाड़ में बाईक सवार गिरा नीचे, घटना स्थल पर मौत

## घटना अज्ञात, कैसे हुई मौत जांच में जुटी पुलिस, हुआ चक्काजाम

**सीधी।** जिले के अमिलिया थाना अंतर्गत मूड़ा पहाड़ में अज्ञात वाहन ने बाईक सवार को टक्कर मारी जिससे युवक की मौत हो गई। घटना के बाद चक्काजाम आंदोलन भी किया गया है। पूरे मामले को लेकर लंबे समय तक चक्काजाम आंदोलन के बाद पुलिस समझाईश से मामला शांत हुआ है।

जानकारी के अनुसार जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र में हनुमना मार्ग में स्थित कैमोर पहाड़ में आज एक बाईक सवार को अज्ञात वाहन द्वारा तेज रफ्तार में टक्कर मार दी गई। दुर्घटना में बाईक सवार पहाड़ के नीचे गिर गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची अमिलिया पुलिस द्वारा मृतक युवक को पहाड़ के नीचे से निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गई। जिसके बाद शव और क्षतिग्रस्त बाईक को निकाला गया। मिली जानकारी के अनुसार आज दोपहर करीब 12 बजे अमिलिया थाना अंतर्गत घोपारी निवासी बृजेश पटेल पिता आनंद किशोर पटेल उम्र 36 वर्ष अपने निजी कार्य से बाईक में सवार होकर हनुमना की ओर जा रहा था। कैमोर पहाड़ में अज्ञात वाहन की ठोकर से बाईक सवार पहाड़ के नीचे जा गिरा। सूचना मिलते ही पहाड़ में स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। इस हादसे के बाद लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। साथ ही पहाड़ में छोटे वाहनों की सुरक्षा को लेकर भी डर और चिंता का माहौल निर्मित हो गया है। अमिलिया पुलिस द्वारा दुर्घटना के बाद मौके पर से भागे वाहन की सर्चिंग का काम किया जा रहा है। जिससे आरोपी चालक को गिरफ्तार किया जा सकें। पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कार्यवाही के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**फिलहाल जांच के बाद बताएंगे सच्चाई: टीआई**

इस मामले में नगर निरीक्षक अमिलिया राजेश पाण्डेय ने बताया कि कोई चश्मदीक गवाह नहीं है। एक्सीडेंट बाईक के पीछे गाड़ी टुटी हुई है ऐसे में किसी वाहन से टकराई या खुद डिवाइडर से टकराई है इसकी जांच कराने के बाद ही हम कुछ कह पाएंगे। उन्होने कहा कि लोगों ने चक्काजाम आंदोलन किए थे। समझाईश के बाद मामला शांत हो गया था।

# न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह 2024 का हुआ सफलतापूर्वक समापन

## प्रधान जिला न्यायाधीश की अगुवाई में विधिक जागरूकता के लिए मैराथन दौड़ आयोजित

**सीधी।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 04.11.2024 से 09.11.2024 तक न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय तथा जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री वीरेन्द्र जोशी की अध्यक्षा में शनिवार दिनांक 09.11.2024 को जिला न्यायालय परिसर से सम्राट चौराहा तक विधिक जागरूकता हेतु मैराथन दौड़ आयोजित की गई।

उक्त मैराथन दौड़ में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय, विशेष न्यायाधीश श्रीमती रमा जयंत मित्तल, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय



श्री मुकेश कुमार, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र सिंह बघेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री वीरेन्द्र जोशी, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडवे, न्यायाधीशगण सर्वश्री सोनू जैन, श्रीमती शोभना मीणा, श्रीमती रेनू श्रीवास्तव, श्रीमती सोनम शर्मा, श्री अभिषेक साहू, श्री अनिरूद्ध कुमार उचाड़िया, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, श्रीमती भारती शर्मा जिला अभियोजन अधिकारी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री प्रशांत पाण्डेय, सहायक सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती पूजा गोस्वामी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी कु. सीनू वर्मा, शासकीय अभिभाषक श्री सुखेन्द्र द्विवेदी, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री बाबूलाल सिंह, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री सत्यप्रकाश पाण्डेय, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री ऋषभ सिंह, तथा अधिवक्तागण श्री विद्याकांत मिश्रा, श्री आदित्य प्रसाद शुक्ल, पैरालीगल वॉलेंटियर्स श्री विनय तिवारी, श्रीमती रश्मि तिवारी, श्री अभिषेक दुबे, श्री सुंदर लाल सिंह, श्रीमती पूजा पाण्डेय, सुश्री सरोज सिंह, श्रीमती प्रेमिका पाण्डेय, श्री प्रखर कुमार पाण्डेय, कु. स्वाती द्विवेदी, कु. शैलजा मिश्रा, श्री सुरेन्द्र कुमार शुक्ला, श्री संदीप कुमार तिवारी, श्री गजाधर प्रसाद त्रिपाठी एवं अन्य पैरालीगल वॉलेंटियर्स तथा अन्य पैरालीगल वॉलेंटियर्स, पैनल अधिवक्ता श्री सतीश कुमार उर्मलिया एवं अन्य पैनल अधिवक्तागण के साथ जिला न्यायालय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त कर्मचारीगण एवं पुलिस विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके पश्चात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री वीरेन्द्र जोशी द्वारा ए.डी.आर सेंटर भवन के मीटिंग हॉल में दिनांक 09.11.2024 को ही समय 02:30 बजे से विधिक सेवा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विधिक सेवा प्रदर्शनी के माध्यम से प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाएं के बारे में पंप्लेट्स का प्रदर्शन किया गया तथा विधिक सेवा सप्ताह कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक किया गया।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलने से खुश हैं रंजना



**सीधी।** प्रदेश में महिलाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना संचालित की जा रही है। योजना के तहत पात्र महिला हितग्राहियों के खाते में हर महीने के प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा 1250 रुपये की राशि खाते में अंतरित कर दी जाती है। सीधी जिले नगर पालिक परिषद् सीधी अंतर्गत वार्ड 12 की निवासी रंजना पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत खाते में 1250 रूपये की राशि हर माह आ रही है। इससे बच्चों के पढ़ाई और उनके पोषण आहार के आने वाले खर्च में मदद मिल जाती है। बच्चे का भविष्य संवारने में यह राशि उपयोगी साबित हो रही है। इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होंने कहा कि धन्य है प्रदेश के मुख्यमंत्री जी जिनके द्वारा महिलाओं के हित को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का सुचारू संचालन किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से आया जीवन स्तर में सुधार: रानी

**सीधी।** जिले के नगर पालिका परिषद सीधी अन्तर्गत वार्ड 12 की रानी कोल मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ पाकर बेहद खुश है। रानी कोल का कहना है कि यह योजना महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाने और जीवन निर्वाह में मददगार साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि योजना से मिलने वाले रूपयो का उपयोग वह बच्चों की पढ़ाई और उनके खर्चे को पूरा करने में कर रही हैं। साथ ही वह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति भी सहजता से कर पा रही हैं। अब छोटी-छोटी जरूरतों के पैसे के लिए उन्हें किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ती है।


कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, म.प्र.शासन राजस्व विभाग जिला–सीधी (म.प्र.)

भू–अर्जन, पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–19 की उपधारा–4 एवं 07

975 अधिसूचना दिनांक 21/10/24

चूँकि राज्य शासन को इस बात का समाधान होने से कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित ग्रामों की भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता होने से इन ग्रामों की धारा–19 का प्रकाशन दिनांक 14.04.2023 को किया जा चुका है । वर्तमान में यह तथ्य संज्ञान में आया है कि धारा–19 प्रकाशन के पश्चात अंतिम एवार्ड पारित नहीं हो सका है, संबंधित विभाग से अर्जित की जाने वाली भूमियों पर स्थित परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन प्रतिवेदन समय–सीमा में न प्राप्त होने एवं विधान सभा निर्वाचन 2023 एवं लोक सभा निर्वाचन 2024 में व्यस्तता होने के कारण समयसीमा में अंतिम एवार्ड पारित नहीं हो सका है । अतः समयावधि में धारा–23 अंतिम एवार्ड न हो पाने के कारण 01 वर्ष की वृध्दि किया जाना उचित प्रतीत होता है ।

भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–19 की कंडिका (7) की उपधारा (1) के अधीन प्रारंभिक अधिसूचना की तारीख बारह मास के भीतर कोई घोषणा नहीं की जाती है, वहाँ उस अधिसूचना के बारे में यह समझा जाएगा की वह विखंडित कर दी गई है तथा उक्त अधिनियम के अधीन एक वर्ष की वृध्दि की जाती है ।

अतः भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–19 के परन्तुक अंतर्गत इसके व्दारा यह घोषित किया जाता है सीधी जिले की तहसील बहरी में बहरी–हनुमना के कि.मी.10/2 में सोननदी (जोगदहा घाट) पर पुल निर्माण हेतु अर्जित की जाने वाली वर्णित भूमियों की समयावधि निम्नानुसार बढ़ाई जाती है।

| क्रं. | उपखण्ड का नाम | तहसील का नाम | लोक निर्माण विभाग व्दारा प्रस्तुत ग्राम का नाम | धारा–19 के प्रकाशन का दिनांक | एक वर्ष पूर्ण होने का दिनांक | 01 वर्ष की समय वृध्दि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बहरी/सिहावल | बहरी | डढ़िया | 14.04.2023 | 13.04.2024 | 14.04.2024 से एक वर्ष |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए भूमि की आवश्यकता है :– बहरी–हनुमना मार्ग में सोननदी पर पुल निर्माण
2. भूमि का (नक्शा प्लान) उपखण्ड अधिकारी बहरी/सिहावल से देखा जा सकता है ।

म.प्र. के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

( स्वरोचिष सोमवंशी )
कलेक्टर एवं समुचित सरकार
जिला-सीधी ( म.प्र. )

जी-18732/24



कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, म.प्र.शासन राजस्व विभाग जिला–सीधी (म.प्र.)

भू–अर्जन, पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–19 की उपधारा–4 एवं 07

977 अधिसूचना दिनांक 21/10/24

चूँकि राज्य शासन को इस बात का समाधान होने से कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित ग्रामों की भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता होने से इन ग्रामों की धारा–19 का प्रकाशन दिनांक 16.06.2023 को किया जा चुका है । वर्तमान में यह तथ्य संज्ञान में आया है कि धारा–19 प्रकाशन के पश्चात अंतिम एवार्ड पारित नहीं हो सका है, संबंधित विभाग से अर्जित की जाने वाली भूमियों पर स्थित परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन प्रतिवेदन समय–सीमा में न प्राप्त होने एवं विधान सभा निर्वाचन 2023 एवं लोक सभा निर्वाचन 2024 में व्यस्तता होने के कारण समयसीमा में अंतिम एवार्ड पारित नहीं हो सका है । अतः समयावधि में धारा–23 अंतिम एवार्ड न हो पाने के कारण 01 वर्ष की वृध्दि किया जाना उचित प्रतीत होता है ।

भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–19 की कंडिका (7) की उपधारा (1) के अधीन प्रारंभिक अधिसूचना की तारीख बारह मास के भीतर कोई घोषणा नहीं की जाती है, वहाँ उस अधिसूचना के बारे में यह समझा जाएगा की वह विखंडित कर दी गई है तथा उक्त अधिनियम के अधीन एक वर्ष की वृध्दि की जाती है ।

अतः भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–19 के परन्तुक अंतर्गत इसके व्दारा यह घोषित किया जाता है सीधी जिले की तहसील बहरी में लौआर से कोरसर मार्ग में गोपदनदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण हेतु अर्जित की जाने वाली वर्णित भूमियों की समयावधि निम्नानुसार बढ़ाई जाती है।

| क्रं. | उपखण्ड का नाम | तहसील का नाम | लोक निर्माण विभाग व्दारा प्रस्तुत ग्राम का नाम | धारा–19 के प्रकाशन का दिनांक | एक वर्ष पूर्ण होने का दिनांक | 01 वर्ष की समय वृध्दि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बहरी/सिहावल | बहरी | पिपरा | 16.06.2023 | 15.06.2024 | 16.06.2024 से एक वर्ष |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए भूमि की आवश्यकता है :–लौआर से कोरसर मार्ग में गोपदनदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण हेतु ।
2. भूमि का (नक्शा प्लान) उपखण्ड अधिकारी बहरी/सिहावल से देखा जा सकता है ।

म.प्र. के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

( स्वरोचिष सोमवंशी )
कलेक्टर एवं समुचित सरकार
जिला-सीधी ( म.प्र. )

जी-18699/24

## संक्षिप्त समाचार

### सपा का हो गया है सियासी धर्मांतरण: अखिलेश को कृष्ण और राहुल को अर्जुन बताने पर भाजपा का तंज



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन दिनों पोस्टर विवाद छिड़ा हुआ है। एक पोस्टर में राहुल गांधी को अर्जुन और अखिलेश यादव को अर्जुन बताया गया है। सपा नेता के इस पोस्टर पर भाजपा ने तंज कसा है। पोस्टर विवाद पर शहजाद पूनावाला ने कहा कि अखिलेश यादव राहुल गांधी को एक सीट के लायक भी नहीं समझते हैं और सपा के लोग उन्हें अर्जुन बता रहे हैं। उत्तर प्रदेश पोस्टर विवाद पर भाजपा नेता ने कहा, आज समाजवादी पार्टी अगर महाभारत, गीता, भगवान कृष्ण और अर्जुन के पोस्टर लगाने पर उतर आई है तो यह सियासी धर्मांतरण का सबसे बड़ा परिचायक है। क्या किसी और धर्म के देवी-देवताओं का चित्रण ऐसे किया जा सकता है कि उनकी तुलना किसी व्यक्ति से की जाए? समाजवादी पार्टी तो राहुल गांधी को एक सीट देने लायक नहीं समझती और सपा के लोग अपने नेता को अर्जुन और राहुल गांधी को भगवान कृष्ण के रूप में दिखा रहे हैं।

### बंगाल में टला बड़ा ट्रेन हादसा, तीन कोच पटरी से उतरे



**नालपुर, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में नालपुर स्टेशन के पास सिकंदराबाद-शालीमार सुपरफास्ट एक्सप्रेस के कई कोच पटरी से उतर गए। दक्षिण-पूर्व रेलवे के मुताबिक बी1 समेत तीन कोच डीरेल हो गए। रेलवे के सीपीआरओ ओमप्रकाश चरण के मुताबिक इस हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया, सुबह करी 5 बजकर 30 मिनट पर सिकंदराबाद-शालीमार साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन के कुछ कोच मिडल लाइन से खिसककर डाउन लाइन पर चले गए। एक पार्सल वैन और दो यात्री कोच डीरेल हुए हैं। हालांकि किसी को ज्यादा चोट आने की खबर नहीं है। यात्रियों के लिए आगे की यात्रा के लिए 10 बसों की व्यवस्था की गई है रेलवे ने बताया कि संतरागाछी और खड़गपुर से दुर्घटना राहत ट्रेन और मेडिकल राहत ट्रेन तुरंत सहायता के लिए रवाना कर दी गई हैं। यात्रियों को कोलकाता लाने के लिए कई बस भी भेजी गई हैं। बता दें कि बीते पांच सालों में देश में रेल हादसों में 350 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और 1000 के करीब लोग घायल हुए हैं। पांच साल में छोटे बड़े करीब 200 ट्रेन हादसे हो चुके हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पिछले महीने कहा था कि 10 साल पहले हर साल करीब 171 रेल दुर्घटनाएं होती थीं जो कि अब घटकर 40 हो गई हैं।

### मध्य प्रदेश में खाद का संकट और सरकार इवेंट व चुनाव में व्यस्त : कमलनाथ

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में गहराए खाद संकट को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सरकार पर हमला बोला है और कहा है कि प्रदेश का किसान खाद के लिए परेशान है तो राज्य सरकार चुनाव प्रचार व इवेंट में व्यस्त है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शनिवार को कहा है कि मध्य प्रदेश का किसान खाद संकट से जूझ रहा है और सरकार किसानों को राहत देने की बजाय इवेंट और चुनाव प्रचार में व्यस्त है। हैरानी की बात है कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के गृह जिले में भी खाद का भीषण संकट बरकरार है। किसान पूरी पूरी रात जागकर खाद मिलने का इंतजार कर रहे हैं, सरकार आंख और कान बंद कर अपनी मस्ती में मस्त है। कमलनाथ ने आगे कहा, आंकड़े बताते हैं कि सरकार की लापरवाही और अदूरदर्शिता के कारण कुल मांग के अनुपात में बहुत कम खाद की आपूर्ति हो सकी है, यही कारण है कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है। जब केंद्रीय कृषि मंत्री के राज्य मध्यप्रदेश और खासतौर से उनके गृह जिले सीहोर में ही खाद का संकट है, तो पूरे प्रदेश और देश के हालात का आप अनुमान लगा सकते हैं। डबल इंजन सरकार का नारा जमींदोज हो चुका है। अब डबल बर्बादी जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से कहा, खाद का संकट कोई प्राकृतिक आपदा नहीं है। यह आपकी सरकार की अनदेखी और कृषि विभाग की अधूरी तैयारियों का नतीजा है। सरकार का दायित्व होता है कि किसानों के लिये पर्याप्त मात्रा में खाद बीज की समय से पहले व्यवस्था कर ली जाए, ताकि मांग और पूर्ति का संतुलन बना रहे, लेकिन आपकी सरकार नफरत फैलाने और लोगों को लड़ाने में इतना व्यस्त रहती है कि खाद-बीज जैसे जरूरी काम प्राथमिकता में ही नहीं रहते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से खाद के संकट के आरोप लगाए जा रहे हैं, मगर सरकार किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने के दावे कर रही है।



# महाराष्ट्र में चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे के साथ गठबंधन करेगी भाजपा?: पीयूष गोयल

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में 20 नवंबर को एक ही चरण में सभी सीटों पर चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले प्रदेश की राजनीति में गठबंधन की नई संभावनाओं पर चर्चा जारी है। भारतीय जनता पार्टी और पुराने साथी उद्धव ठाकरे के संपर्क में होने की बात कही जा रही है। इस बीच केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को इन अफवाहों को पूरी तरह से नकार दिया।

बिजनेस टुडे के एक कार्यक्रम में जब पियूष गोयल से पूछा गया था कि यदि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भाजपा बहुमत से पिछड़ जाती है तो क्या भाजपा किसी नए गठबंधन की ओर बढ़ेगी। इस पर उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा, मैं यह बहुत स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि कोई पर्दे के पीछे की चर्चा, संवाद या संपर्क नहीं हो रहा है। हम एकनाथ शिंदे द्वारा नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ मजबूत तरीके से खड़े हैं। हमारे पास उस शिवसेना गुट के साथ कोई संबंध नहीं है। पियूष गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा अब भी एकनाथ शिंदे द्वारा नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ खड़ी है, जिनका चुनाव चिह्न धनुष और बाण है। उन्होंने कहा कि यह शिवसेना बाल ठाकरे के सिद्धांतों को दर्शाता है।

उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) और भाजपा मिलकर एक बहुत मजबूत मोर्चा बना रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र के लोग अच्छे काम



को जारी रखना चाहते हैं जो गठबंधन ने किया है और वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के विजन से जुड़ी सरकार चाहते हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनावों के कुछ ही महीनों बाद हो रहे हैं। लोकसभा के दंगह में विपक्षी गठबंधन ने महायुति को हराया था। हालांकि, पियूष गोयल विधानसभा चुनावों को लेकर काफी आशावादी हैं। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनावों में वोटों का अंतर केवल दो लाख था। मुझे लगता है कि रणनीतिक रूप से एमवीए ने कुछ इलाकों में बेहतर परिणाम हासिल किए। गोयल ने यह भी कहा कि भाजपा को पिछली चुनावों में छोटे अंतर से 11 सीटों का नुकसान हुआ था। पीयूष गोयल ने महायुति गठबंधन की एकजुटता की सराहना करते हुए कहा, गठबंधन में सभी पार्टियां महाराष्ट्र के विकास के लिए एकजुट हैं। हम यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर को जारी रखने, रोजगार, उद्योग और निवेश को लाने के लिए काम कर रहे हैं।

## तसलीमा नसरीन का दावा, बांग्लादेश के चटगांव में इस्कॉन को निशाना बनाने की रची जा रही साजिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में रह रहीं मशहूर बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन ने चटगांव के एक चरमपंथी समूह की तस्वीर साझा कर दावा किया है कि ये लोग मिलकर इस्कॉन को निशाना बनाने की साजिश कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लज्जा की लेखिका नसरीन ने लंबा चौड़ा पोस्ट साझा किया। इसमें लिखा, चटगांव स्थित समूह हिफाज़त-ए-इस्लाम ने इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की अपील की है। आज उनका नारा था: एक इस्कॉन को पकड़ो, फिर कत्ल करो। हिफाज़त-ए-इस्लाम ने आतंकवाद का आह्वान किया है। वे इस्कॉन के सदस्यों को मारना चाहते हैं। क्या इस्कॉन एक आतंकवादी संगठन है कि इसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए? क्या इस्कॉन के सदस्यों ने कभी हरे कृष्ण, हरे राम का नारा लगाते हुए किसी की हत्या की है? दूसरी ओर, इस्लामी आतंकवादी लोगों को मारते समय नारे लगाते हैं। इस्कॉन दुनिया भर के कई देशों में मौजूद है, और कहीं भी इसे इस तरह की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ता है, लेकिन बांग्लादेश में ऐसा होता है। ऐसा क्यों है? क्योंकि इस देश में बड़ी संख्या में इस्लामवादी और जिहादी हैं जो दूसरे धर्मों के लोगों को बर्दाश्त नहीं करते हैं। वे गैर-मुसलमानों को नुकसान पहुंचाने या उन्हें उनकी जमीन से भगाने के लिए हर तरह की चाल और हथकंडे अपनाते हैं। हिफाज़त-ए-इस्लाम यहां आतंकवादियों की भूमिका निभा रहा है, जबकि इस्कॉन सताए गए अल्पसंख्यक हैं। तसलीमा हिंदुओं के साथ हो रही ज्यादती को लेकर काफी मुखर हैं। एक दिन पहले भी उन्होंने इसे लेकर एक्स पर एक पोस्ट लिखा था। इसमें उन्होंने वो वजह बताने की कोशिश की थी जिसकी वजह से हिंदू अल्पसंख्यकों को टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने कहा, चटगांव के हजारी लेन में सेना और पुलिस की तरफ से संयुक्त रूप से हिंदुओं पर अत्याचार करने के पीछे असली वजह क्या है? क्या इसलिए कि उस्मान मोल्लाह नामक व्यक्ति ने फेसबुक पर इस्कॉन के खिलाफ कुछ पोस्ट किया और कुछ हिंदुओं ने उस्मान मोल्लाह की दुकान पर विरोध प्रदर्शन किया? उन्होंने आगे कहा कि क्या इसलिए कि हिंदुओं ने अपना भगवा झंडा बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज से थोड़ा ऊपर लटका दिया था? या इसलिए कि बड़ी संख्या में हिंदू हिंदुओं की सुरक्षा की मांग करते हुए सड़कों पर उतर आए? तसलीमा ने लिखा, मुझे लगता है कि असली वजह यह है कि सड़कों पर लाखों हिंदुओं को देखकर गठबंधन सरकार थोड़ी घबरा गई है।

## पंजाब एवं हरियाणा में अब 4 साल से बड़े बच्चे को हेलमेट पहनना जरूरी, हाई कोर्ट का आदेश

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में अब 4 साल से ज्यादा उम्र के सभी बाइक सवारों को हेलमेट पहनना होगा। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल की बेंच ने 29 अक्टूबर 2024 को इस मामले में आदेश दिए थे। इसी मामले पर आज फिर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने कहा कि हेलमेट केंद्र सरकार के मानकों के अनुरूप होना चाहिए ताकि यह सिर की सुरक्षा कर सके। सिर्फ वे सिख महिला-पुरुष जिन्होंने पगड़ी पहनी हो उन्हें ही हेलमेट पहनने से छूट दी गई है। हाईकोर्ट ने हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ पुलिस से बिना हेलमेट टू-व्हीलर चलाने वाले पुरुष और महिला सवारों के चालान की जानकारी भी मांगी है। अगली सुनवाई 4 दिसंबर को होगी।



**छोटे बच्चों की सुरक्षा के लिए नए नियम बनाए सरकार :** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि 4 साल से बड़े हर व्यक्ति को हेलमेट पहनना होगा, चाहे वह टू-व्हीलर चला रहे हों या पीछे बैठे हों। इस नियम में बच्चे भी शामिल हैं। यह नियम हर तरह की बाइक पर लागू होगा। हालांकि, अगर कोई सिख व्यक्ति पगड़ी पहनकर बाइक चला रहा हो या उस पर बैठा हो तो उस पर यह नियम लागू नहीं होगा। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को चार साल से छोटे बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष नियम बनाने का भी आदेश दिया है।

**हेलमेट के उपयोग महज खानापूर्ति न हो :** हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि हेलमेट केवल सिर पर रखा ही काफी नहीं है, उसे सिर से अच्छे से बांधा जाना चाहिए ताकि वह पूरी तरह से सुरक्षा प्रदान कर सके। हेलमेट को मानकों के अनुरूप बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित स्टेंडर्ड का पालन करना जरूरी होगा। हेलमेट का उपयोग महज खानापूर्ति न हो, सरकार इस बात को सुनिश्चित करे। पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ पुलिस को आदेश दिया गया है कि बिना हेलमेट चलाने वाली महिलाओं और पीछे बैठे सवारों का चालान किया जाए।

## टीचर ने ऐसा मारा की बच्चे का टूट गया दांत, मामले की लीपा-पोती में जुटा स्कूल

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु के एक प्राइवेट स्कूल में चौंकाने वाली घटना सामने आई है। आरोप है कि यहां पर एक स्कूल में टीचर ने बच्चे को इतनी जोर से मारा कि उसका दांत टूट गया। यह बच्चा छठवीं क्लास का छात्र है। जानकारी के मुताबिक क्लास में कुछ बच्चे खेल रहे थे। वह एक-दूसरे के ऊपर बॉटल से पानी फेंक रहे थे। इसी दौरान हिंदी टीचर अजमत वहां से गुजर रही थी। पानी की कुछ बूंदें उनके ऊपर गिर पड़ीं। बताया जाता है कि इस बात से नाराज हिंदी टीचर ने लकड़ी के डंडे से उसकी पिटाई कर दी। इसी दौरान बच्चे का दांत टूट गया। बच्चे के पैरेंट्स का कहना है कि पिछले साल उनकी बेटी को इसी स्कूल में पीटा गया था। इससे उसका एक हाथ कई दिन तक सूज गया था। घटना गुरुवार दोपहर होली क्राइस्ट इंग्लिश स्कूल, जयानगर ब्लॉक 4 में हुई। पुलिस ने घटना में टीचर का बयान दर्ज करा लिया है। स्कूल टीचर अजमत का कहना है कि वह मामले में बच्चे के पैरेंट्स के खिलाफ फीस को लेकर मारपीट का केस दर्ज कराना चाहती थी। बच्चे के माता-पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक इन धाराओं में सात साल से अधिक की जेल नहीं हो सकती। इसलिए उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता।

# वक्फ मामले में फर्जी खबर फैलाने को लेकर ऐक्शन, तेजस्वी सूर्या के खिलाफ केस दर्ज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या और कुछ कन्नड़ समाचार पोर्टल के संपादकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इन पर एक किसान की आत्महत्या के मामले को वक्फ बोर्ड के साथ भूमि विवाद से जोड़कर फर्जी खबर फैलाने का आरोप है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर इन समाचार पोर्टल की खबर को साझा करते हुए बेंगलुरु दक्षिण के सांसद ने 7 नवंबर को आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि हावेरी जिले में किसान ने वक्फ बोर्ड की ओर से उसकी जमीन अधिगृहित किए जाने के बारे में पता चलने पर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। सूर्या ने आरोप लगाया, 'अल्पसंख्यकों को खुश करने की जल्दबाजी में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, कर्नाटक सरकार में आवास, वक्फ एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री बी. जेड. जमीर अहमद खान ने राज्य में विनाशकारी हालात पैदा कर दिए हैं, जिसे हर गुजरते दिन के साथ रोकना असंभव होता जा रहा है।' बाद में हावेरी जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) की ओर से समाचार लेख को फर्जी बताए जाने के बाद सांसद ने पोस्ट को हटा दिया था। एसपी ने कहा, 'साझा की गई खबर फर्जी है। ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई। यहां उल्लिखित किसान रुद्रप्पा चन्नप्पा बालिकाई की 6 जनवरी 2022 को आत्महत्या की सूचना मिली थी। बताया जाता है कि उसने कर्ज एवं फसल नुकसान के कारण आत्महत्या की थी।' एसपी ने बताया कि आदर थाने में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 174 के तहत मामला दर्ज किया गया था और अंतिम रिपोर्ट पहले



ही पेश की जा चुकी है। सीनियर पुलिस अधिकारी ने कहा, 'हावेरी जिला पुलिस के सोशल मीडिया निगरानी प्रकोष्ठ में तैनात पुलिस अधिकारी की शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 353 (2) (विभिन्न समूहों के बीच घृणा, दुर्भावना या दुश्मनी की भावना पैदा करने या बढ़ावा देने के इरादे से बयान देना, प्रकाशित करना या प्रसारित करना) के तहत कन्नड़ दुनिया ई-पेपर और कन्नड़ न्यूज ई-पेपर के संपादकों तथा तेजस्वी सूर्या के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।' उन्होंने बताया कि हावेरी जिले के सीईएन (साइबर अपराध, आर्थिक अपराध, स्वापक नियंत्रण) थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। सूर्या ने कहा कि किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल से 7 नवंबर को कर्नाटक की उनकी यात्रा के दौरान मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि प्रस्तुतीकरण के दौरान कुछ किसानों ने उनके ध्यान में यह भी लाया कि हावेरी जिले में सन्नप्पा नामक किसान ने आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसके 4 एकड़ भूखंड का आरटीसी (अधिकार, किराएदारी और फसल का रिकॉर्ड) वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित कर दिया गया था और वह ऋण नहीं ले पा रहा था। सूर्या ने कहा कि कई प्रतिष्ठित और विश्वसनीय कन्नड़ मीडिया संगठनों ने भी इसकी रिपोर्ट की है। उन्होंने कहा, 'मैंने इनमें से एक मीडिया रिपोर्ट को रीट्वीट किया और कहा कि यह बहुत गंभीर मुद्दा है। कर्नाटक में आज किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं, क्योंकि राज्य प्रायोजित वक्फ अतिक्रमण कर रहा है। राज्य सरकार को कम से कम अब तो जाग जाना चाहिए।' सूर्या ने कहा कि एसपी के स्पष्टीकरण के बाद उन्होंने अपना ट्वीट हटा दिया। उन्होंने कहा कि संभवतः जिन समाचार संगठनों की रिपोर्ट पर मैंने भरोसा किया था, उन्हें समाचार पोस्ट करने में अधिक सावधानी बरतनी चाहिए।

## ...तो हम समानांतर सरकार चलाएंगे, जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष को भाजपा ने क्यों दी चेतावनी

**श्रीनगर, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि अगर जम्मू कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राठेर ने देश की ''संप्रभुता और अखंडता को चुनौती देने वाला'' अपना आचरण जारी रखा तो वह केंद्र शासित प्रदेश में समानांतर सरकार चलाएगी। विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''जब अध्यक्ष ने हमारे विधायकों को बाहर निकलवाया तो हमने बाहर समानांतर विधानसभा चलायी। हमने अपने क्षेत्रों के मुद्दे उठाए और मीडिया ने इसे कवर किया।'' उन्होंने कहा, ''अध्यक्ष को इस समानांतर विधानसभा को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यदि आपका व्यवहार भारतीय अखंडता और संप्रभुता को चुनौती देता है, तो हम समानांतर सरकार चलाएंगे और यह उन्हें मेरी चेतावनी है।'' शर्मा ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने जिस तरह से विधानसभा का संचालन किया, वह निंदनीय है। उन्होंने कहा, ''हम इसकी निंदा करते हैं। यह जम्मू-कश्मीर विधानसभा के इतिहास का सबसे काला दिन होगा। विधानसभा का गठन लोगों ने इस उम्मीद के साथ किया था कि पानी, बिजली, अस्पताल और शिक्षा से जुड़ी उनकी



समस्याओं का समाधान किया जाएगा।'' शर्मा ने कहा, ''लेकिन अध्यक्ष ने एक विशेष पार्टी के एजेंट के रूप में काम किया और अलोकतांत्रिक तरीके से असंवैधानिक एवं अवैध कार्य किया। उन्होंने कहा कि सभी विधायक अपने क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर सदन में आए थे लेकिन ''सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) की अलगाववादी मानसिकता ने प्रस्ताव लाकर सदन की गरिमा को गिराया है।'' शर्मा ने कहा, ''दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि अध्यक्ष कह रहे हैं कि विशेष दर्जे की मांग अनुच्छेद 370 की बहाली की मांग है। वह नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रवक्ता की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को देश में लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर ने हटाया और उच्चतम न्यायालय ने इस मामले का निपटारा किया। उन्होंने कहा, ''अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन चुका है। वे अनुच्छेद 370 की तुलना विशेष दर्जे जैसे शब्द से कर रहे हैं, जो संविधान में है ही नहीं।'' उन्होंने कहा, ''मैं (मुख्यमंत्री) उमर अब्दुल्ला को चुनौती देता हूं कि अगर संविधान में जम्मू-कश्मीर के संबंध में विशेष दर्जे का शब्द कहीं भी मिलता है।

## सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**कलबुर्गी , एजेंसी।** कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में शनिवार सुबह एक कार और पिकअप वाहन की भिड़ंत हो गई। भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों ने दम तोड़ दिया। स्थानीय पुलिस को इस घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एक-एक करके चारों शवों को गाड़ी से बाहर निकाला। शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय अस्पताल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, एक ही परिवार के लोग कार में सवार होकर गणगापुर-श्री दत्तात्रेय मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान, कमलापुरा तालुक में मारगुट्टी क्रॉस के पास सड़क हादसा हो गया। कार सवार चार लोगों की कार सामने से आ रही एक पिकअप से टकरा गई। इस हादसे में परिवार के चार लोगों की मौत हो गई।



स्थानीय पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान कर ली गई है। इनकी पहचान हैदराबाद निवासी भार्गव कृष्ण (55), उनकी पत्नी संगीता (45), बेटा उत्तम राघवन (28) के तौर पर हुई है। हालांकि, कार चालक की पहचान नहीं हो पाई है। जिसकी सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। ये सभी हैदराबाद के रहने वाले थे और कलबुर्गी के गणगापुर-श्री दत्तात्रेय मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे। वहीं, उत्तर भारत से भी शनिवार को हादसे की दर्दनाक खबर आई। शनिवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भी एक भीषण सड़क हुई। जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य घायल हो गए। घटना फिरोजाबाद के थाना नसीरपुर क्षेत्र में माइलस्टोन 49 पर घटी, जब मथुरा से लखनऊ लौट रही एक टूरिस्ट बस ट्रक से टकरा गई।

बस में सवार सभी लोग मुंडन संस्कार के बाद घर लौट रहे थे। सवार लोगों में अधिकांश परिजन और उनके रिश्तेदार शामिल थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में सवार 5 लोगों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस और आपातकालीन सेवाओं ने मौके पर पहुंचकर घायलों को शिकोहाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के कारण कुछ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अन्य अस्पतालों में रेफर कर दिया गया।

## बटेंगे तो कटेंगे के नारे के साथ आरएसएस ने संभाली महाराष्ट्र में कमान, भाजपा को हरियाणा जैसे रिजल्ट की उम्मीद

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार जारी है। इस चुनाव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भाजपा के लिए माहौल बनाने के लिए जमीनी स्तर पर काफी काम कर रहा है। संघ के कार्यकर्ता भाजपा के बटेंगे तो कटेंगे वाले नारे को जन-जन तक पहुंचाने में काफी मेहनत कर रहे हैं। संघ के लोक जागरण मंच के द्वारा लोगों के बीच पंफलेट बांटे जा रहे हैं, जिसमें उनसे अपील की जा रही है कि वे बीते लोकसभा चुनावों के परिणामों से सीख लें और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर भाजपा की अगुवाई वाली गठबंधन को वोट दें। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पंफलेट में लोगों को संविधान, आरक्षण और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बारे में फैलाई जा रही अफवाहों से सावधान रहने की सलाह दी जा रही है। साथ ही आरएसएस के द्वारा लोगों को यह भी कहा जा है कि ऐसी सरकार को चुनें जो भूमि जिहाद, लव जिहाद, धर्मांतरण, पत्थरबाजी और दंगे को रोकने के लिए काम करे। लोगों को यह भी समझाने की कोशिश की जा रहा है कि कैसे पीएम मोदी ने भारत की छवि को वैश्विक मंच पर सुधारने का काम किया है। वहीं, राहुल गांधी पर भारत को विदेशों में बदनाम करने के आरोप लगाए जा रहा हैं। हालांकि, इस दौरान संघ के स्वयंसेवक मोदी और राहुल में से किसी का नाम नहीं लेते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रचार अभियान तेज, बीजेपी को मिली मदद लोकसभा चुनावों के बीजेपी



अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि उनकी पा 'अबटी आत्मनिर्भर है और संघ पर पहले जैसी निर्भरता नहीं है। उनके इस बयान के बाद आरएसएस ने अपने हाथ पीछे खींच लिए। इसका खामियाजा भगवा पार्टी को महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों में भुगता पड़ा है। हालांकि दोनों ही संगठनों के बीच संबंध सुधरे हैं। अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ फिर से महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में सक्रिय रूप से शामिल हो गया है। संघ के कार्यकर्ता राज्यभर में लगभग 50,000 से 70,000 छोटे-छोटे बैठकें आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। हरियाणा में भी संघ ने 16,000 से अधिक ऐसी बैठकें आयोजित की थीं, जिनके अच्छे परिणाम मिले थे और बीजेपी ने वहां चुनाव में जीत हासिल की थी। आपको बता दें कि महाराष्ट्र एक ऐसा राज्य है जहां आरएसएस की जड़ें गहरी हैं। संघ का मुख्यालय भी यहीं नागपुर में स्थित है। ऋस्का राज्य में बीजेपी नेताओं देवेंद्र फडणवीस और नितिन गडकरी के साथ भी गहरा संबंध है। हाल ही में फडणवीस ने लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद संघ से मदद मांगी थी। कांग्रेस पर झूठ फैलाने का आरोप लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से यह कहा था कि अगर बीजेपी को पूर्ण बहुमत मिलता है तो वह संविधान को बदल देगी और आरक्षण समाप्त कर देगी। आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने कहा, हम चाहते हैं कि लोग ऐसी अफवाहों और गलत धारणाओं को न मानें।

## सार समाचार

### हेनरिक क्लासेन कैलेंडर वर्ष में 100 छक्के लगाने वाले चौथे खिलाड़ी बने, यह प्लेयर 6 बार कर चुका है ऐसा



**डरबन (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी।** शुक्रवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चार मैचों की श्रृंखला के पहले टी20आई के दौरान विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन टी20 में एक कैलेंडर वर्ष में 100 छक्के लगाने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए। संजू सैमसन की आतिशी बल्लेबाजी और वरुण चक्रवर्ती की फिरकी ने दक्षिण अफ्रीका को मुश्किल में डाल दिया और भारत ने किंग्समीड में पहले टी20आई में 61 रन की जीत के साथ जीत हासिल की।

क्लासेन ने 22 गेंदों पर 25 रन बनाए, जिसमें दो चौके और एक छक्का शामिल था। इस एक छक्के के साथ 33 वर्षीय खिलाड़ी ने यह उपलब्धि हासिल की। उनके अलावा तीन और खिलाड़ी हैं जिन्होंने एक ही साल में खेल के सबसे छोटे प्रारूप में 100 छक्के लगाए हैं और ये सभी वेस्टइंडीज के हैं। क्रिस गेल ने यह छह बार (2011, 2012, 2013, 2015, 2016 और 2017) ऐसा किया है, जबकि बाएं हाथ के बल्लेबाज निकोलस पूरन (2024) और ऑलराउंडर आंद्रे रसेल (2019) ने एक बार ऐसा किया है।

### राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में उतरेंगे पेरिस ओलंपिक पदक विजेता अमन, बंगलुरू में होगा आयोजन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमन के अलावा अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियन अंतिम पंघाल, 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया, अंडर-23 विश्व चैंपियन रीतिका हुड्डा, ओलंपियन सोनम मलिक, राधिका, मनीषा भानवाला, बिपाशा, प्रिया, उदित, चिराग, सुनील कुमार और नरिंदर चीमा भी मैट पर उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत छह से आठ दिसंबर तक बंगलुरू होने वाली सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले स्टार खिलाड़ियों में शामिल होंगे।

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने इसकी पुष्टि की। अमन के अलावा अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियन अंतिम पंघाल, 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया, अंडर-23 विश्व चैंपियन रीतिका हुड्डा, ओलंपियन सोनम मलिक, राधिका, मनीषा भानवाला, बिपाशा, प्रिया, उदित, चिराग, सुनील कुमार और नरिंदर चीमा भी मैट पर उतरेंगे। यह प्रतियोगिता कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में होगी और इस चैंपियनशिप में 25 संबद्ध राज्य सदस्य इकाइयों के अलावा रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) और सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएसपीबी) के 1000 से अधिक प्रतिभागियों और अधिकारियों के भाग लेने की उम्मीद है। दिलचस्प बात यह है कि साक्षी मलिक के पति सत्यव्रत कादियान ने हाल ही में निलंबित डब्ल्यूएफआई द्वारा राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन को अदालत में चुनौती दी थी।

अदालत ने चैंपियनशिप के लिए मंजूरी दे दी थी, लेकिन कहा था कि रैंकिंग तय करने और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए भारत की प्रविष्टियों पर निर्णय लेने के लिए इसके परिणामों पर विचार नहीं किया जाना चाहिए।

इंडिया-साउथ अफ्रीका टी-20

# सैमसन के तूफान में उड़ा दक्षिण अफ्रीका

## भारत 61 रन से जीता



**डरबन, एजेंसी।** डरबन के मैदान पर भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने इतिहास रच दिया है। उछाल भरी पिच पर सैमसन ने अफ्रीकी गेंदबाजों की खूब खबर ली और 47 गेंदों पर शतक जड़ दिया। सैमसन का यह शतक इसलिए भी खास है क्योंकि पिछले मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने 40 गेंदों पर शतक लगाया था। ऐसा कर वह बैक टू बैक शतक लगाने वाले पहले भारतीय प्लेयर बन गए हैं। ओवरऑल की बात करें तो इससे पहले गुस्ताव मैकेन, रिले रोसौव और फिल साल्ट ही इंटरनेशनल क्रिकेट में बैक टू बैक शतक लगाने में सफल रहे हैं। सैमसन ने अब इस लिस्ट में जगह बना ली है।

### लगातार दो पारियों में भारतीयों द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन

218 - संजू सैमसन (2024) 111 बनाम बांग्लादेश, 107 बनाम साऊथ अफ्रीका
181 - ऋतुराज गायकवाड़ (2023)
173 - रोहित शर्मा (2024)
171 - विराट कोहली (2016)
171 - केएल राहुल (2018)

### टी20 में भारत के लिए सर्वाधिक शतक

5 रोहित शर्मा
4 सूर्यकुमार यादव
2 केएल राहुल
2 संजू सैमसन

भारत के लिए सुरेश रैना, दीपक हुड्डा, विराट कोहली, शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवड़, अभिषेक शर्मा भी 1-1 शतक लगा चुके हैं।

### एक टी20 पारी में स्पिन के खिलाफ सर्वाधिक रन

65(28) अभिषेक शर्मा बनाम जिमबाब्वे, हरारे 2024
64(23) संजू सैमसन बनाम बांग्लादेश, हैदराबाद 2024
58(27) संजू सैमसन बनाम साऊथ अफ्रीका, डरबन 2024
57(24) युवराज सिंह बनाम पाकिस्तान, अहमदाबाद 2012

विदेश में किसी भारतीय विकेटकीपर का उच्चतम स्कोर

टेस्ट प्रारूप - ऋषभ पंत (सिडनी में 159*)
वनडे प्रारूप - ऋषभ पंत (मैनचेस्टर में 125*)
टी-20 प्रारूप - संजू सैमसन (डरबन में 107)

# अर्शदीप और पंड्या इतिहास रचने के करीब

क्या भारत-साउथ अफ्रीका सीरीज में जड़ देंगे सैंकड़ा?





**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 मैचों की सीरीज के पहले मैच में भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने सिर्फ 1 विकेट लिया, लेकिन वह टी 20 इंटरनेशनल में भारत के लिए चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने हार्दिक पंड्या को पीछे छोड़ा, जो उनसे सिर्फ 1 विकेट पीछे हैं। दोनों खिलाड़ियों के पास इतिहास रचने का मौका है।

इस फॉर्मेट में वे 100 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन सकते हैं। देखने वाली बात होगी कि क्या वे यह कारनामा साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में ही कर देंगे या नहीं।

भारत के लिए टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज युजवेंद्र चहल हैं। उन्होंने 80 मैच की 79 पारी में 96 विकेट लिए हैं। भुवनेश्वर कुमार ने 87 मैच की 86 पारी में 90 विकेट लिए हैं। जसप्रीत बुमराह ने 70 मैच की 69 पारी में 89 विकेट लिए हैं। बुमराह से आगे निकलने के लिए अर्शदीप को 1 विकेट चाहिए। दो विकेट लेने पर वह भुवनेश्वर से आगे निकल जाएंगे। चहल को पीछे छोड़ने के लिए 9 विकेट चाहिए। अर्शदीप सिंह ने 57 मैच की 57 पारी में 88 विकेट लिए हैं।

### हार्दिक पंड्या के 87 विकेट

हार्दिक पंड्या की बात करें तो 106 मैच की 94 पारी में 87 विकेट लिए हैं। उन्हें बुमराह से आगे निकलने के लिए 3 और भुवनेश्वर से आगे निकलने के लिए 4 विकेट चाहिए। चहल को पीछे छोड़ने के लिए 10 विकेट चाहिए।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में पंड्या ने 3 ओवर गेंदबाजी की, लेकिन वे एक भी विकेट नहीं ले पाए। उनका साउथ अफ्रीका सीरीज में चहल के करीब पहुंचना मुश्किल लग रहा है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में ही अर्शदीप का भी चहल से आगे निकलने की संभावना कम ही है। हालांकि, वे बुमराह और भुवनेश्वर से आराम से आगे निकल सकते हैं। भारत-साउथ अफ्रीका टी20 सीरीज में अभी 3 मैच बाकी हैं। इस दौरान पंड्या और अर्शदीप में दिलचस्प रेस देखने को मिलेगी। दोनों आगे पीछे होते रहेंगे।

एफआईएच अवार्ड्सः

# श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह का फिर दिखा दबदबा, अवॉर्ड से किए गए सम्मानित



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम के दो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पीआर श्रीजेश और कप्तान हरमनप्रीत सिंह का एक बार फिर से हॉकी में दबदबा देखने को मिला. दरअसल, पूरे साल शानदार प्रदर्शन करने के लिए इंटरनेशल हॉकी फेडरेशन ने दोनों खिलाड़ियों को ओमान में सम्मानित किया है.

हॉकी स्टार्स अवॉर्ड्स 2023-24 के दौरान श्रीजेश को बेस्ट गोलकीपर ऑफ द ईयर का खिताब दिया गया. वहीं भारतीय कप्तान हरमनप्रीत को बेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया. इससे पहले 2020-21 और 2021-22 में उन्होंने लगातार 2 बार इस खिताब को अपने नाम किया था. दोनों खिलाड़ियों ने पेरिस ओलंपिक में भारत को ब्रॉन्ज मेडल जिताने में अहम भूमिका निभाई थी. श्रीजेश ने ओलंपिक के बाद रिटायरमेंट ले लिया था. इसके बाद उन्हें जूनियर मेंस टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया था.

ओमान में इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन ने शुक्रवार 8 नवंबर को 49वां स्टेचुटरी कांग्रेस का आयोजन किया. इस दौरान हरमनप्रीत सिंह और पीआर श्रीजेश को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया. भारतीय कप्तान ने इस खिताब को पाने में मदद करने के लिए अपने साथी खिलाड़ियों को धन्यवाद कहा.

हरमनप्रीत ने कहा कि 'सबसे पहले, मैं इस सम्मान के लिए स्नद्व॥ को धन्यवाद देना चाहता हूं. ओलंपिक के बाद घर वापस जाना और वहां हमारे स्वागत के लिए बड़ी भीड़ का होना बहुत ही खास एहसास था. मेरे साथियों के बिना यह सब संभव नहीं हो पाता.' उन्होंने हॉकी इंडिया का भी विशेष धन्यवाद किया. वहीं श्रीजेश ने कहा कि 'मैं आज बहुत खुश हूं. मेरे खेल के करियर के इस आखिरी सम्मान के लिए धन्यवाद. यह पुरस्कार पूरी तरह से मेरी टीम का है.'

इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन ने हरमनप्रीत और श्रीजेश के अलावा और 4 खिलाड़ियों को अलग-अलग कैटेगरी में साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना.

# ऑस्ट्रेलिया में नहीं खलेगी शमी की कमी!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत होगी. इस सीरीज में दिग्गज तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं. वह अपनी चोट से अभी तक उभर नहीं सके हैं, जिसके चलते उन्हें इस दौरे से बाहर रखा गया है, जो टीम इंडिया के लिए एक बड़ा झटका भी है. लेकिन इस सीरीज की शुरुआत से पहले टीम इंडिया को कहीं ना कहीं शमी की रिप्लेसमेंट मिल गया है. दरअसल, ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अनऑफिशियल टेस्ट मैच में एक भारतीय तेज गेंदबाज ने कमाल का प्रदर्शन किया है. ये खिलाड़ी मेन स्क्वॉड का भी हिस्सा है. इंडिया-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच



मेलबर्न में खेले जा रहे दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट में युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहे हैं. प्रसिद्ध कृष्णा इस सीरीज में काफी अच्छी लय में नजर आए हैं, जो टीम इंडिया के लिए अच्छे संकेत हैं. दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट की पहली पारी में प्रसिद्ध कृष्णा ने 4 विकेट झटके. उन्होंने 16 ओवर में 50 रन खर्च किए और 6 मेडन ओवर फेंके हुए 4 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया.

दूसरी पारी में भी प्रसिद्ध कृष्णा की ओर से घातक गेंदबाजी देखने को मिली. उन्होंने पारी के पहले ही ओवर की दूसरी ओर तीसरी गेंद पर विकेट हासिल किए. इस दमदार प्रदर्शन के साथ प्रसिद्ध कृष्णा ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है. उन्हें सीरीज के पहले मैच में टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जा सकता है.

# ओलंपिक 2028 में खेलती नजर आएंगी बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू पेरिस ओलंपिक में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सकी थीं और उनकी इन खेलों में पदक जीतने की हैट्रिक लगाने की उम्मीद धूमिल हो गई थी। अगला ओलंपिक चार साल बाद है और इस बात की चर्चा है कि सिंधू अगला ओलिंपक खेल पाएंगी या नहीं।



अब इस पर उन्होंने अपनी राय रखी है और कहा है कि उनमें अब भी काफी कुछ हासिल करने की क्षमता है। सिंधू का मानना है कि उनमें बीडब्ल्यूएफ सर्किट पर काफी खिताब जीतने की काबिलियत है लेकिन उनकी निगाहें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों पर लगी रहेंगी। अमेरिका में होने वाले ओलंपिक तक वह 33 वर्ष की हो जाएंगी। हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता ने कहा कि अगर वह चोट-मुक्त रहीं और शारीरिक रूप से फिट रहीं तो उनका लक्ष्य तीसरा ओलंपिक पदक जीतना होगा।

खेल मंत्रालय उठाएगा खर्च

# दक्षिण अफ्रीका में 31 दिनों तक अभ्यास करेंगे नीरज चोपड़ा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका जाएंगे जहां वह 31 दिनों तक ट्रेनिंग करेंगे। नीरज अगले साल होने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी शुरू करने के उद्देश्य से पोटचेफस्ट्रूम जाएंगे।

नीरज पेरिस ओलंपिक में टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक का बचाव नहीं कर सके थे। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता 26 वर्षीय नीरज अंतिम बार सितंबर में डायमंड लीग फाइनल में खेले थे। नीरज की ट्रेनिंग का खर्च खेल मंत्रालय वहन करेगा। मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, नीरज अपनी ट्रेनिंग जल्दी शुरू करेंगे और 31 दिन के लिए पोटचेफस्ट्रूम में रहेंगे। नीरज की ट्रेनिंग का खर्च खेल मंत्रालय उठाएगा जिसमें उनके और उनके फिजियोथेरेपिस्ट के दक्षिण अफ्रीका में रहने के दौरान रहने, खाने-पीने और ट्रेनिंग का खर्च शामिल होगा।

**पहले भी पोटचेफस्ट्रूम में ट्रेनिंग कर चुके हैं नीरजः** नीरज ने पहले भी टोक्यो और पेरिस ओलंपिक से पहले कई बार पोटचेफस्ट्रूम में ट्रेनिंग की है। उन्होंने जनवरी 2020 में भी वहां एक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जो दुनिया भर में कोविड-19 महामारी फैलने से ठीक पहले हुई थी। नीरज पूरे वर्ष जांघ की मांसपेशियों की परेशानी से जूझते रहे जिससे पेरिस ओलंपिक और डायमंड लीग फाइनल में उनका प्रदर्शन भी प्रभावित हुआ। उन्होंने सत्र के अंत में डॉक्टरों से परामर्श लेने की बात कही थी जिससे वह इस समस्या से निजात पाने के लिए सर्जरी कराने या नहीं कराने पर फैसला ले सकें।

**हाल ही में छूटा था कोच का साथ :** टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के तीन साल बाद पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले इस स्टार एथलीट ने कहा था, यह चोटों से घिरा हुआ वर्ष रहा लेकिन अब चोट ठीक है। मैं नए सत्र के लिए पूरी तरह फिट रहूंगा। हाल में वह जर्मनी के कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज से अलग हो गए।

# इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज के स्क्वाड का ऐलान

### ● पूरन समेत इन बड़े नामों की वापसी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की टीम ने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। श्रीलंका के टी20 सीरीज में उपलब्ध नहीं रहने वाले निकोलस पूरन, शिमरोन हेटमायर, आंद्रे रसेल और अकील होसेन को 9 नवंबर से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले दो टी20 के लिए वेस्टइंडीज टीम में चुना गया है।

तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ की जगह मैथ्यू फोर्ड को चुना गया है। जोसेफ पर 2 मैच का बैन लगा है। चार सीनियर खिलाड़ियों की वापसी के परिणामस्वरूप



फेबियन एलन, एलिक एथनाज, आंद्रे फ्लेचर और शमर स्प्रिंगर की चौकड़ी टीम से बाहर हो गई। इस बीच इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान फील्ड सेटिंग से नाखुश वनडे कप्तान शाई होप के प्रति असंतोष दिखाने के बाद जोसेफ को दो मैचों का निलंबन झेलना पड़ा।

### फोर्ड का शानदार प्रदर्शन

जोसेफ एक ओवर पूरा करने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे, लेकिन कुछ ही देर में वापस लौट आए। जोसेफ की जगह लेने वाले फोर्ड ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में 16.38 की औसत से आठ विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। बल्लेबाजी इकाई में शाई होप, पूरन, हेटमायर, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस और कप्तान रोवमैन पॉवेल शामिल हैं।

इसके अलावा ऑलराउंडर रसेल, रोस्टन चेस, रोमारियो शेफर्ड और शेरफेन रदरफोर्ड बल्लेबाजी इकाई और मजबूत होगी। तेज गेंदबाजी इकाई में शमर जोसेफ, टेरेंस हिंड्स और फोर्ड शामिल हैं, जबकि होसेन और गुडाकेश मोटी टीम में स्पिनर हैं।

### वेस्टइंडीज की टीमः

रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, शिम्रोन हेटमायर, टेरेंस हिंड्स, शाई होप, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के संबंध में कलेक्टर नें ली बैठक



**पन्ना।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा गत 2 अक्टूबर से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया गया है। अभियान में 500 एवं अधिक जनसंख्या तथा 50 प्रतिशत जनजातीय आबादी वाले ग्रामों को लाभांवित किया जाएगा। इन ग्रामों में निवासरत जनजातीय वर्ग के लोगों को विभिन्न विभागीय योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिल सकेगा। साथ ही संबंधित विभागों द्वारा सर्वे उपरांत प्रस्तुत कार्यों की शासन स्तर से स्वीकृति उपरांत अन्य योजना व सुविधाओं का लाभ भी सुनिश्चित किया जाएगा। पन्ना जिले के पांच विकासखण्ड में अभियान अंतर्गत 108 ग्राम चयनित किए गए हैं। इनमें आकांक्षी विकासखण्ड अजयगढ़ के सर्वाधिक 33 और गुनौर के 9 ग्राम शामिल हैं, जबकि पन्ना विकासखण्ड में 24, पवई में 16 और शाहनगर विकासखण्ड में 26 ग्रामों का चयन किया गया है। कलेक्टर सुरेश कुमार ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर चयनित ग्रामों में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। साथ ही विभाग स्तर पर की गई तैयारियों की जानकारी लेकर संबंधितजनों को गंभीरतापूर्वक दायित्वों के निर्वहन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के इस महत्वाकांक्षी अभियान में संबंधित ग्रामों के जनजातीय वर्ग के लोगों को आयुष्मान योजना सहित 18 विभाग की योजनाओं का लाभ प्रदान किया प्राथमिकता के साथ प्रदान किया जाना है। विभागीय अधिकारियों द्वारा आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में आवश्यक सर्वे उपरांत लोगों को अभियान की रूपरेखा से अवगत कराया जाए। साथ ही योजनाओं से वंचित लोगों का चिन्हांकन कर उन्हें लाभांवित किया जाए।

जिला कलेक्टर ने चयनित ग्रामों में मोबाइल मेडिकल यूनिट, छात्रावास, आश्रम, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका सहित कौशल उन्नयन एवं पर्यटन ग्राम के रूप में विकास के लिए होम स्टे की संभावनाओं का आंकलन कर अविलंब प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी 108 ग्राम में शत प्रतिशत घरों के विद्युतीकरण, आवश्यकतानुसार सोलर पैनल की स्थापना, एलपीजी कनेक्शन, 4जी एवं 5जी मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता सहित किसान कल्याण एवं कृषि विकास, पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभांवित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने अजयगढ़ विकासखण्ड के संपूर्णता अभियान की भांति इस अभियान में प्रारंभिक चरण के दौरान विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के जरिए संपूर्णता व प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही जनजातीय वर्ग के लोगों के उत्थान के दृष्टिगत सभी कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना तैयार कर भविष्य की रूपरेखा के दृष्टिगत पूर्व आंकलन करें। आवश्यक एवं डोर टू डोर सर्वे उपरांत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, सड़क, प्रत्येक ग्रामीण का बैंक खाता खोलने सहित जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन प्रदान करने की कार्यवाही की जाए। बैठक में उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग को विभाग की बड़ी स्कीम में प्राथमिकता के साथ पात्र लोगों को लाभांवित करने के लिए कहा। इसी तरह अन्य अधिकारियों को भी विभागीय योजना की प्राथमिकता से पूर्ति के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय सहित अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, जिला संयोजक आर.के. सतनामी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आधा दर्जन आरोंपियों ने महिला के साथ बुरी तरह लाठी डंडो से की मारपीट

## सलेहा थाना पुलिस नें पीड़ित पक्ष पर भी बनाया मामला

### फरियादी नें पुलिस पर लगाये लेन देन के आरोप

### पुलिस अधीक्षक से न्याय की लगाई गुहार



पन्ना

पन्ना जिले के विभिन्न थानों मे पुलिस के भ्रष्ट अधिकारीयों द्वारा पीड़ित पक्षों पर भी पैसा लेकर मामले बनानें का कारोबार चल रहा है, बेचारे गरीब लुटे पिटे लोगो को भी पुलिस पैसा लेकर दूसरे पक्ष से मिलकर फर्जी मामला बनाने का काम कर रहीं है। उदाहण के तौर पर सलेहा थाना अन्तर्गत ग्राम गंज का इसी प्रकार का मामला सामने आया है, जिसमें फरियादिया अनीता कुशवहा पत्नी छोटे लाल कुशवाहा उम्र 40 वर्ष निवासी गंज थाना सलेहा नें पुलिस अधीक्षक तथा कलेक्टर को आवेदन देते हुए बताया कि दिनांक 2 नवम्बर को रात दस बजें प्रार्थीयां अपने घर के सामने साफ सफाई कर रही थी, उसी दौरान आरोपीगणों द्वारा अपना ट्रैक्टर फरियादी महिला के सामने खड़ा कर दिया, जिससे आवा गवन अवरूद्ध हो रहा था, तो महिला अनीता कुशवहा द्वारा कहा गया कि ट्रैक्टर थोड़ी आगें खड़ा कर दो इसी बात को लेकर आरोपी सविता उर्फ मदरू कुशवाहा गाली गलौच करने लगा फरियादीयां द्वारा मना किया तो अन्य आरोपीयों हरी गोपाल, पूजा कुशवहा, फूला बाई अशोक, राम गोपाली आदि नें मिलकर पीडित महिला की जमकर लाठी डंडो से मारपीट की गई। महिला का पति घर पर नहीं था, तथा लड़के भी बाहर मजदूरी करने गये है। उक्त महिला दो घंटे तक बेहोश पड़ी रही जब पति घर वापिस आया तो उसे स्वास्थ केन्द्र एवं थाना रिपोर्ट करने ले गया। पुलिस नें फरियादी महिला की रिपोर्ट पर आरोपीयें के चार आरोपीयों के खिलाफ साधारण धाराओं के खिलाफ मामला कायम किया गया तथा दो आरोपीयों के नाम भी काट दिये गये, एवं पीड़ित महिला के खिलाफ भी सलेहा पुलिस द्वारा अभी मामला कायम कर लिया गया। महिला ने बताया कि आरोपी पक्ष से संबंधित थाना प्रभारी द्वारा मोटी रकम लेकर यह कार्यवाही की गई है। पीड़ित महिला नें जिले के पुलिस अधीक्षक से संबंधित आरोपीयों के खिलाफ धाराए बढातें हुए कार्यवाही करने की मांग की गई तथा थाना प्रभारी सलेहा द्वारा पीड़िता के खिलाफ बनाये गये फर्जी मामले की जांच करा कर कार्यवाही करने की मांग की गई।

# अवैध रूप से गांजा की खेती करने वाले आरोपी को पांच वर्ष की सजा

**पन्ना।** अवैध रूप से गांजा की खेती कर विक्रय करने वाले आरोपी को पांच वर्ष का कठोर कारावास एवं चालीस हजार रूपये का जुर्माना माननीय इंद्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के न्यायालय ने फैसला सुनाया है, जानकारी के अनुसार सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 25.09.2020 को चैकी प्रभारी खोरा थाना धरमपुर उपनिरीक्षक आर.आर. प्रजापति ने इस आशय की देहाती नालसी लेख किया कि ग्राम काजीपुर में रामसनेही लोध अपने घर के पीछे बाउन्ड्री के अंदर बेचने के उद्देश्य से अवैध गांजे के पौधा उगाये है, मुखबिर की सूचना का पंचनामा तैयार कर रिपोर्ट दर्ज की गई। हमराही पुलिस बल मय विवेचना किट एवं तराजू के प्राइवेट वाहन जीप से मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु काजीपुर रवाना हुआ, जो ग्राम काजीपुर पहुंचकर संदेही को पकड़कर नाम पता पूछा जिसने अपना नाम रामसनेही लोध पिता सुखलाल लोध निवासी काजीपुर बताया, तत्पश्चात् संदेही रामसनेही लोध को गवाहों के समक्ष घर के पीछे बाउण्ड्री की तलाशी लेने बाबत् सहमति के सम्बंध में पूछताछ किया, जो संदेही रामसनेही द्वारा उसके द्वारा ही तलाशी लेने हेतु सहमति जताई,, संदेही रामसनेही के समक्ष उसके घर के पीछे बाउण्ड्री के अंदर की तलाशी ली गई, संदेही रामसनेही की बाउण्ड्री के अंदर गांजे के हरे पौधे लगे पाये गये, संदेही रामसनेही के घर के पीछे बाउण्ड्री के अंदर गांजे के पौधे लगे रहने का पंचनामा तैयार किया गया। आरोपी रामसनेही के घर से गांजा बरामद किया गया। उक्त मामले के आरोपी के खिलाफ अपराध एनडीपीसी एक्ट के तहत 8/20 एन.डी.पी.सी. एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त मामले में माननीय इंद्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के न्यायालय द्वारा आरोपी को पांच साल की सा तथा चालीस हजार जुर्माना की सजा से दण्डित किया गया है। उक्त मामले में शासन की ओर से पैरवी करते हुए सुनील कुमार द्विवेदी अपर जिला लोक अभियोजक द्वारा की गई।

# गुनौर में हटाया गया अतिक्रमण

**पन्ना।** तहसील मुख्यालय गुनौर में उत्कृष्ट विद्यालय के सामने लोगो द्वारा दुकाने तथा टपरे रखे हुए थे तथा भारी मात्रा में अतिक्रमण किया गया था। जिससे आवा गवन अवरूद्ध हो रहा था। जिसको लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रण के खिलाफ कार्यवाही की गई उक्त कार्यवाही में राजस्व विभाग के अनुविभागीय अधिकारी राम निवास चौधरी, तहसीलदार, नगर पालिका अमला तथा पुलिस बल के द्वारा अतिक्रमण की कार्यवाही की गई। एवं जेसीबी मशीन से अवैध दुकानों एवं टपरों को हटाया गया। ज्ञात हो कि प्रशासन द्वारा पूर्व में संबंधितो को नोटिस भी जारी किये गये थें। लेकिन दुकानदारो द्वारा अपने मन से अतिक्रमण नहीं हटाया जिससे प्रशासन नें कार्यवाही की है।

# कृषि प्रधान देश में खाद की किल्लत किसान परेशान, रसूखदारों को मिल रही आसानी से खाद

**देवेंद्रनगर।** खाद की कमी से जूझ रहे किसानों की समस्याएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। शासन द्वारा खाद की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की जा रही है, जिससे किसानों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सोसाइटी में खाद के लिए किसान कई दिनों से लाइन में लगे हुए हैं, लेकिन फिर भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही। इन परेशानियों के बीच किसान यह सवाल उठा रहे हैं कि जब खाद की इतनी भारी कमी है तो रसूखदारों को यह आसानी से क्यों मिल रही है? किसानों का कहना है कि वे पूरा दिन अपने घरेलू काम छोड़कर खाद के लिए सोसाइटी में पड़े रहते हैं, लेकिन उन्हें कोई सुनवाई नहीं हो रही। दूसरी तरफ, बड़े रसूखदारों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता और उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद मिल जाती है। इससे किसानों में आक्रोश है, क्योंकि वे महसूस करते हैं कि शासन के द्वारा केवल गरीब किसानों को ही परेशान किया जा रहा है, जबकि रसूखदारों को हर सुविधा मिल रही है। देश की कृषि व्यवस्था पर आधारित यह संकट, केवल खाद तक सीमित नहीं है। किसानों का कहना है कि चाहे गल्ले की तोल हो या अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ, हर जगह उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि रासुकदारों को हर काम में रियायतें मिलती हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहां खेती के लिए समय-समय पर किसानों को प्रशिक्षित करने के लिए कार्यक्रम चलाए जाते हैं। नवीनतम तकनीकी का प्रचार भी किया जाता है, लेकिन अफसरशाही और शासन-प्रशासन की कमजोर नीतियों के चलते कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है। खाद की कालाबाजारी के कारण किसानों को बाजार में खाद के दोगने दाम चुकाने पड़ते हैं और यह भी सुनिश्चित नहीं होता कि जो खाद वे खरीद रहे हैं, वह असली है या नकली। किसान अब यह सवाल उठा रहे हैं कि जब कृषि को बढ़ावा देने के लिए सरकार इतने सारे कार्यक्रम चला रही है, तो फिर उन्हें मूलभूत सुविधाएं क्यों नहीं मिल रही हैं? अगर शासन द्वारा यह सब ठीक से नहीं किया जाता, तो भविष्य में और भी गंभीर समस्याएं सामने आ सकती हैं।

# विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर 11 नवम्बर को

**पन्ना।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा सोमवार, 11 नवम्बर को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर लगाया जाएगा। पन्ना शहर वितरण केन्द्र धरमसागर में जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष व सदस्यों की उपस्थिति में शिविर का समय दोपहर 12 से 2 बजे तक निर्धारित है। विद्युत कम्पनी के कार्यपालन अभियंता द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं से शिविर में उपस्थित होकर बिजली बिल, मीटर, लाइन एवं अन्य विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण की अपील की गई है।

# मडला घाटी मे हाईवा पलटा ड्राइबर की मौत

**पन्ना।** मड़ला थाना अन्तर्गत भैरव टैक घाटी में सीमेंट से लदा हुआ जेके सेम कंपनी का हाईवा अनियंत्रित हो कर पलट गया। जिसमें चालक की मौत हो गई है। तथा हाईवा पलटनें से घाटी में घंटो जाम लगा रहा। किसी प्रकार म्रतक को बाहर निकाला गया, तथा क्रेन के माध्यम से उक्त हाईवा को हटाया गया। तथा जाम खोलवाकर रास्ता साफ किया गया।

# शोकाकुल परिवारों को सांत्वना देने पहुंचे स्थानीय विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा

**देवेंद्रनगर।** मंडल देवेंद्रनगर में गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा जी के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कृष्ण कुमार द्विवेदी जी की घरवाली स्वर्गीय श्री पुष्पा द्विवेदी जी के यहां, श्रीमती अमिता बागरी जीके ससुर स्वर्गीय श्री कैलाश चंद्र जैन जी के यहां, प्रवीण कुमार जैन जी की माता जी स्वर्गीय श्री चंद्रवती जैन जी के यहां, श्री संजय जयसवाल जी के पिता स्वर्गीय श्री अयोध्या प्रसाद जयसवाल जी के यहां, श्री रज्जू खरे जी की माता स्वर्गीय श्रीमती अरुणा खरे जी के यहां, श्री कृष्ण पाल यादव जी के पिताजी स्वर्गीय श्री खूब सिंह यादव जी के यहां, श्री मोतीलाल सेन जी की धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती अनीता सेन जी के यहां, शिव शंकर मिश्रा जी के पिताजी स्वर्गीय श्री राम किशोर मिश्रा जी के यहां, शिवम शर्मा जी के पिता स्वर्गीय श्री पंचम प्रसाद शर्मा जी के यहां, रविकांत शर्मा जी के पिताजी स्वर्गीय श्री सुशील शर्मा जी के यहां, श्री बितानी चौधरी जी के पिताजी स्वर्गीय श्री कल्ला चौधरी जी के यहां, राम दयाल शर्मा जी की धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री अनीता शर्मा जी के यहां पहुंच कर शोक संवेदनाएं व्यक्ति की।

# योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग में बेस्ट प्रैक्टिसेस के आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** प्रमुख सचिव योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग संजय कुमार शुक्ल ने जिला कलेक्टर्स को जिले में हो रहे नवाचार एवं बेस्ट प्रेक्टिसेस को प्रोत्साहित करने के लिये नीति आयोग के निर्देशानुसार आवेदन आमंत्रित करने पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि नीति आयोग जिलों के नवाचार और बेस्ट प्रेक्टिसेस को प्रोत्साहित करने एक मंच प्रदान कर रहा है। इसके लिये विषयवार संगोष्ठी का आयोजन प्रस्तावित है। सुशासन एवं अभिनव सफल प्रथाओं के लिये किये जा रहे प्रयासों की पहचान करना राज्य नीति आयोग का प्रमुख कार्य है। प्रमुख सचिव श्री शुक्ल ने कहा है कि आयोग द्वारा जिलों से प्राप्त आवेदनों को उनके नवाचार के आउटकम, रिप्लीकेबिलिटी और स्केलेबिलिटी के आधार पर चयनित किया जाएगा। चयनित किए गए जिलों के कलेक्टर या उनके जिलों के उप सचिव स्तर से अनिम्न अधिकारी को संगोष्ठी में प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया जाएगा अथवा बेस्ट प्रेक्टिसेस का प्रकाशन किया जाएगा। इस संबंध में समन्वय हेतु ईश गुप्ता, कंसलटेंट, राज्य नीति आयोग 9826050969 से संपर्क किया जा सकता है। सभी को निर्देशित किया गया है कि संलग्न लिंक में अपने जिलों की बेस्ट प्रेक्टिसेस की जानकारी प्रविष्ट करें। सभी जिले गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन जमा करने के पात्र होंगे।

# नगर पालिका क्षेत्र में लगातार फैल रहा डेंगू: चिरोलया

**पन्ना।** पन्ना नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 तथा 22 के बीचो बीच स्थित बेनी सागर मोहल्ला की गली में नालीयों की सफाई न होने के कारण व्याप्क स्तर पर गंदगी का आलम है तथा मच्छरों के प्रकोप के चलते लोग बीमार हो रहें है। वर्तमान समय में डेंगू मच्छर का कहर चल रहा है, जिसकी चपेट मे आने से अनेक लोगो की मौत भी हो चुकी है। उक्त मामले को लेकर दलित नेता तथा साहित्यकार लक्ष्मीनारायण चिरोलया नें नगर पालिका तथा स्वास्थ विभाग में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बेनी सागर मोहल्ला में भारी गंदगी है तथा वार्ड क्रमांक 12 तथा 22 के बीच में स्थित अनुसूचित जाति बस्ती की कभी भी साफ सफाई नहीं होती तथा नालियों की स्थिती बदतर है, भारी गंदगी का आलम है उक्त संबंध में स्थानीय पार्षदों को भी अवगत कराया लेकिन उसके बावजूद संबंधित द्वारा भी कोई कदम नहीं उठाया, स्थानीय लोगो के द्वारा श्री चिरोलया से उक्त संबंध से अवगत कराया है। जिसको लेकर चिरोलया ने नराजगी व्यक्त करते हुए नगर पालिक तथा प्रशासन से तत्काल कार्यवाही करने की मांग की है।

# सर्वे सूची में बाहरी लोगों के नाम जोड़ कर मुआवजा राशि के बंदरबांट का प्रयास

### मझगांय बांध प्रभावित कुंवरपुर का मामला, एसडीएम से जांच और कार्यवाही की मांग

**पन्ना।** मध्यम सिंचाई परियोजना मझगाँय बाँध अंतर्गत अधिग्रहित ग्राम कुँवरपुर की आबादी भूमि पर स्थित मकानों की सर्वे सूची में बाहरी लोगों के नाम जोड़ कर मुआवजा राशि बंदरबांट करने के प्रयास का मामला सामने आया है। राजेन्द्र तिवारी पिता स्वर्गीय सुदामा प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम पिस्टा ने अजयगढ़ के प्रभारी एसडीएम को शिकायती आवेदन सौंप कर बाहरी लोगों के नाम सर्वे सूची से हटा कर स्थानीय पात्र व्यक्तियों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग उठाई है। आवेदन के माध्यम से बताया गया है कि मध्यम सिंचाई परियोजना मझगांय बाँध में अधिग्रहित ग्राम कुँवरपुर की आबादी भूमि पर स्थित मकानों की सर्वे सूची कं 146 रामदेव द्विवेदी, आशीष, अनिल पिता रामदेव द्विवेदी निवासी कुँवरपुर, सर्वे सूची कं 152 अशोक कुमार पिता किशोरीलाल द्विवेदी निवासी कुँवरपुर, भारती शरण पिता कैलाश द्विवेदी निवासी ग्राम फरस्वाहा तहसील अजयगढ़, महाप्रसाद पिता सुदर्शन तिवारी ग्राम पनगरा तहसील नरैनी जिला बाँदा उत्तरप्रदेश के नाम अंकित है। इसी प्रकार सर्वे सूची कं 152 में उल्लिखित हितग्राही भारती शरण पिता कैलाश द्विवेदी ग्राम फरस्वाहा का निवासी है तथा महाप्रसाद पिता सुदर्शन तिवारी ग्राम पनगरा का निवासी है तथा उक्त दोनो लोग बाहरी हैं जो ग्राम कुँवरपुर की आबादी भूमि में स्थित मकानों की मुवाबजा राशि प्राप्त करने के हकदार नहीं है। बताया गया है कि सभी ग्रामवासियों के कच्चे मकानों का मुआवजा 2900 रूपये प्रति मीटर के हिसाब से बनाया गया है जबकि मुआवजा सूची क्र 146 व 152 के बाहरी लोगों का मुआवजा 3300 रूपये प्रति मीटर के हिसाब से बनाया है।

# भतीजे ने अपमान का बदला लेने चाची को उतारा मौत के घाट

## रमपुरा में हुई हत्या का आरोपी 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार



**सतना।** कोठी पुलिस ने रमपुरा गांव में 36 वर्षीय महिला की हत्या के आरोपी को 12 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। टीआई श्वेता मौर्य ने बताया कि 2 नवंबर की सुबह लगभग 6 बजे सुनैना पति संजय यादव, निवासी अहिरान टोला, की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई, जिसका संदेह उसके भतीजे सुनील पुत्र संतोष यादव 26 वर्ष, पर जताया गया था। वह घटना के बाद से ही फरार था, ऐसे में सरगर्मी से तलाश प्रारंभ की गई और मुखबिर की सूचना पर शनिवार की देर रात को गांव से लगे जंगल में दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया गया। आरोपी सुनील को थाने लाकर पूछताछ की गई तो उसने जुर्म कबूल कर लिया। अपने बयान में आरोपी ने बताया कि लगभग एक महीने पहले किसी बात पर उसने मृतिका की बेटी को चाटा मार दिया था, जिसको लेकर सुनैना ने जमकर गाली-गलौज करते हुए सार्वजनिक रूप से अपमानित किया, तभी से वह बदला लेने की फिराक में था। पहले उसने महिला से माफी मंगवाने का प्रयास किया, लेकिन जब सफल नहीं हो पाया तो खुद ही सबक सिखाने का प्लान बनाने लगा। घटना से एक शाम पहले महिला के बेटा और बेटी गांव में ही बड़े पिता के घर चले गए थे, जबकि सुबह पति खेत की तरफ चला गया। इसी मौके का फायदा उठाकर आरोपी उसके घर पहुंचा और वाद-विवाद करते हुए महिला को मौत के घाट उतार दिया और दीवार कूदकर खेतों के रास्ते जंगल की तरफ भाग गया। पूछताछ के पश्चात आरोपी की निशानदेही पर कुल्हाड़ी जब्त की गई और फिर उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# अपहरण और रेप पर एक को जेल



**सतना।** सभापुर पुलिस ने नाबालिग को अगवा कर बंधक बनाते हुए कई महीनों तक दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। टीआई शंखधर द्विवेदी ने बताया कि बीते 6 जुलाई को 15 वर्षीय लडक़ी रहस्यमय ढंग से गायब हो गई थी, जिसके परिजन की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का अपराध दर्ज कर तलाश प्रारंभ की गई।

चार महीने की खोजबीन के पश्चात नाबालिग को खोज निकाला गया, जिससे पूछताछ में पता चला कि आरोपी पप्पू पुत्र गांधी वसदेवा 26 वर्ष, निवासी विजयपुर, थाना धारकुंडी, हाल बांधी, बहला-फुसलाकर भगा ले गया और बंधक बनाकर दैहिक शोषण कर रहा था। नाबालिग के बयान पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ाते हुए आरोपी की तलाश प्रारंभ कर दी गई, जिसे मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर रविवार सुबह कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, रविवार 10 नवम्बर 2024




महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल के रीवा आगमन पर रीवा एयरपोर्ट पर सांसद जर्नादन मिश्रा ने स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल भी मौजूद थे।



## इंजीनियरिंग दुनिया को बेहतर बनाने की कला है : राज्यपाल

### इंजीनियरिंग हर तरह के विकास का मूल है : उप मुख्यमंत्री, ज्ञान परंपरा को समाहित कर बनाई गई है नई शिक्षा नीति : उच्च शिक्षा मंत्री

**रीवा।** रीवा इंजीनियरिंग कालेज के हीरक जयंती समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि इंजीनियरिंग दुनिया को बेहतर बनाने की कला है। शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अधोसंरचना विकास में इंजीनियरों का बहुत बड़ा योगदान है। मानव को शिक्षा ही समर्थ और संस्कारवान बनाती है। रीवा इंजीनियरिंग कालेज बहुत गौरवशाली है। यहाँ अपनी प्रतिभा, योग्यता और परिश्रम से देश का नाम ऊँचा करने वाले कई पूर्व छात्र उपस्थित हैं। इनसे मार्गदर्शन और प्रेरणा लेकर नई पीढ़ी सफलता के शिखर छुएगी। हमारा देश तेजी से विकास कर रहा है। आज पूरी दुनिया में देश की प्रतिष्ठा दिनोंदिन बढ़ रही है। 21वीं सदी भारत की सदी होने वाली है। इसे विकसित बनाने में हम जहाँ भी हैं वहाँ अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देकर देश के विकास में योगदान दें।





समारोह में राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विन्ध्य की धरा सफेद बाघ की जननी, चिरहुलानाथ स्वामी और महामृत्युंजय भगवान की कृपापात्र तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमि है। इसके रीवा इंजीनियरिंग कालेज की 60 वर्ष की विकास गाथा सफलताओं से भरी है। समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इंजीनियरिंग हर तरह के विकास का मूल है। रीवा में विकास के कई बड़े कार्य हुए हैं। इन सबमें इंजीनियरों का सर्वाधिक योगदान रहा है। यह इंजीनियरिंग का ही चमत्कार है कि गुढ़ की पथरीली उजाड़ पहाड़ी में 750 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र सफलता की गाथा कह रहा है। रीवा वासियों को गर्व है कि उनके सोलर प्लांट की बिजली से दिल्ली की मैट्रो ट्रेन दौड़ती है। विन्ध्य 40 मिलियन टन सीमेंट और 15 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रहा है। विन्ध्य में इंजीनियरों के परिश्रम से अधोसंरचना का जो विकास हुआ है उसमें विन्ध्य के विकास की गाड़ी अब तेजी से दौड़ रही है। रीवा में पाँच साल में सिंचाई क्षमता तीन लाख से बढ़कर नौ लाख एकड़ हो जाएगी। इंजीनियरिंग कालेज के पूर्व छात्र मिलकर कालेज के विकास का रोडमैप बनाएंगे और इसे देश के सर्वश्रेष्ठ तकनीकी संस्थान के रूप में विकसित करेंगे।

समारोह में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से ही ज्ञान, विज्ञान, आध्यात्म और दर्शन की परंपरा रही है। इसी ज्ञान परंपरा को समाहित करके नई शिक्षा नीति बनाई गई है। हमारे देश में आज भी हजारों साल पुराने स्मारक स्थापत्य और विज्ञान की सफलता की कहानी कहते हुए विद्यमान हैं। भारत के एक इंजीनियर ने 13वीं शताब्दी में चीन में बीजिंग शहर और दुनिया के सबसे बड़े मंदिर कंबोडिया के अंगकोरवाट मंदिर की डिजाइन बनाई थी। सूर्य ऊर्जा का सबसे बड़ा और अक्षय स्त्रोत है। इसीलिए हमारे देश में सूर्य की पूजा की जाती है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि रीवा इंजीनियरिंग कालेज के विकास के संबंध में जो प्रस्ताव मिले हैं उन पर दिसम्बर माह में आयोजित बैठक में निर्णय लिए जाएंगे। समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि आज का दिन रीवा के लिए बहुत गौरव का दिन है। विज्ञान के तेजी से विकास के साथ मानव और मानवीय गुणों पर प्रश्नचिन्ह लगने लगे हैं। हम आधुनिक सूचना तकनीक का इतना अधिक उपयोग करने लगे हैं कि आपसी संबंधों में भी तनाव उत्पन्न हो गया है। सूचना तकनीक का ऐसा विकास हो तमाम सुविधाओं के साथ ही मानव के संस्कार और मानवीय गुण बरकरार रहें। समारोह में ब्राम्होस मिसाइल निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पद्मभूषण तथा पद्म विभूषण इंजीनियर एएस पिल्लई को भी सम्मानित किया गया। समारोह में एलुमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा एनटीपीसी के पूर्व चेयरमैन श्री आरएस शर्मा ने स्वागत उद्बोधन दिया। कालेज के प्राचार्य बीके अग्रवाल ने 60 वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी।

समारोह में राज्यपाल श्री पटेल ने कालेज की स्मारिका के प्रथम पृष्ठ का डिजिटल विमोचन किया। समारोह में राज्यपाल तथा अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, कमिश्नर बी.एस. जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, एलुमिनी संघ के उपाध्यक्ष बीके सिंह, सिद्धार्थ सिंह, अनुज प्रताप सिंह तथा बड़ी संख्या में पूर्व छात्र, वर्तमान छात्र एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप पाण्डेय ने किया।

## राज्यपाल का रीवा एयरपोर्ट पर किया गया आत्मीय स्वागत



**रीवा।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल विशेष विमान से अपने एक दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंचे। रीवा एयरपोर्ट पहुंचने पर राज्यपाल श्री पटेल का जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। राज्यपाल श्री पटेल का उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद श्री जनार्दन मिश्र, विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व विधायक सेमरिया श्री केपी त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष भाजपा श्री अजय सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। राज्यपाल श्री पटेल का कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह तथा एसडीएम अनुराग तिवारी ने भी पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

## सथिनी सरपंच ने पुलिस अधीक्षक को शपथ-पत्र सौंप लगाई सुरक्षा की गुहार



**रीवा।** मध्यप्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाने भले ही लाख प्रयास कर रही हो लेकिन बदमाशों की टोली माहौल बिगाड़ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही व स्थिति गंभीर बनती जा रही है। रीवा जिले के सिरमौर जनपद अंतर्गत सगरा थाना क्षेत्र के सथिनी ग्राम पंचायत के सरपंच शनि द्विवेदी ने वसूलीबाजों से परेशान होकर पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह से मुलाकात कर शपथ-पत्र के साथ अपना शिकायती पत्र सौंपा है।

## राज्यपाल ने इंजीनियरिंग कालेज के स्वागत द्वार तथा ओपेन थियेटर का किया लोकार्पण

**रीवा।** रीवा इंजीनियरिंग कालेज के हीरक जयंती समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल रीवा इंजीनियरिंग कालेज पहुंचे। राज्यपाल ने इंजीनियरिंग कालेज के पूर्व विद्यार्थियों द्वारा निर्मित भव्य स्वागत द्वार का लोकार्पण किया। राज्यपाल ने कालेज के प्रवेश के द्वार के समीप ही बनाए गए मुक्ताकाश ओपेन थियेटर का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर बाबा अलाउदीन खान के द्वारा स्थापित मैहर बैण्ड के कलाकारों ने मोहक धुन प्रस्तुत की। इसका निर्माण 55 लाख रुपए की लागत से कराया गया है। इसके बाद राज्यपाल श्री पटेल ने इंजीनियरिंग कालेज में विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई भविष्य के ज्ञान-विज्ञान की झलक देने वाली टेकफेस्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों से उनके द्वारा प्रदर्शित उपकरणों की जानकारी ली। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, सांसद श्री जनार्दन मिश्र, विधायक इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने बीहर रिवर फ्रंट का किया लोकार्पण

### रीवा के लिये अनुपम सौगात है बीहर रिवर फंट : राज्यपाल

**रीवा।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने रीवा शहर के मध्य से प्रवाहित बीहर नदी के तट पर बनाये गये बीहर रिवर फ्रंट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बीहर रिवर फ्रंट रीवा के लिये अनुपम सौगात है। उन्होंने अनुष्ठानिक रीति से मंगलाचरण के बीच शिला पट्टिका का अनावरण कर रिवर फ्रंट जनता को समर्पित किया। इससे पूर्व राज्यपाल जी का बीहर रिवर फ्रंट के मुख्य द्वार पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा के प्रसिद्ध सुपारी से निर्मित विन्ध्नहर्ता भगवान श्री गणेश की प्रतिमा भेंट कर अभिनंदन किया।



बीहर रिवर फ्रंट के लोकार्पण के उपरांत राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल इलेक्ट्रिक कार में सवार होकर बीहर रिवर फ्रंट के पाथ वे से होकर पचमठा आश्रम पहुंचे। इलेक्ट्रिक कार में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने राज्यपाल महोदय को रिवर फ्रंट के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में नदी के एक किनारे में 1600 मीटर लम्बाई का रिवर फ्रंट का निर्माण कराया गया है। बीहर नदी के अविरल जल प्रवाह को देखकर राज्यपाल जी अविभूत हो गये। राज्यपाल ने पचमठा आश्रम पहुंचकर माँ बीहर की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने पचमठा के ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व से राज्यपाल जी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कैमोर पर्वत से निकली बीहर सलिला के तट पर स्थित रीवा पचमठा का इतिहास अति प्राचीन है। जगदगुरू शंकराचार्य जी ने धर्म दिग्विजय अभियान के दौरान यहां प्रवास किया था। आचार्य शंकर ने चारों दिशाओं में ज्योर्तिमठ, श्रृंगेरीमठ, गोवर्धनमठ तथा द्वारिकामठ की स्थापना की थी। उनकी परिकल्पना मध्यभारत में पाँचवे मठ की स्थापना की थी यह पाँचवा मठ है। पचमठा में चारों मठों की प्रतिकृति बनाकर इनका इतिहास प्रदर्शित किया गया है। राज्यपाल जी ने पचमठा का प्राचीनतम इतिहास जानकर कहा कि यहां आकर आध्यात्मिक एकात्म के उद्घोण की अनुगूंज ह्रदय में स्पंदित होती है। राज्यपाल जी ने पचमठा आश्रम के अतिप्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना भी की। उल्लेखनीय है कि बीहर रिवर फ्रंट के प्रथम चरण का निर्माण म.प्र. ग्रह निर्माण मंडल एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा 25 करोड़ रूपये की लागत से किया गया है। इसके तहत नदी के वांये तट में बाबा घाट से कोतवाली घाट तक 1600 मीटर लम्बे रिवर फ्रंट में ग्रेविटी बाल, पाथवे ग्रीन टी एरिया का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम के दौरान उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, संसाद श्री जनार्दन मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, भाजपा अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, पूर्व मंत्री श्री पुष्पराज सिंह, पूर्व विधायक के.पी. त्रिपाठी, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवणे सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा संभ्रातजन उपस्थित रहे।

## पदमधर पार्क में धर्म परिवार का दीपोस्त्सव आज से

**रीवा।** हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार का सार्वजनिक दीपोत्सव ऐतिहासिक पदमधर पार्क में 10 नवम्बर को दोपहर 12:00 बजे रंगोली दीप सज्जा प्रतियोगिता के साथ प्रारंभ होगा। सायं 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक दीपप्रज्जवलन, एकल-समूह नृत्य प्रदर्शन के साथ विंध्य की आठ विभूतियों के साथ मीडिया कर्मियो के सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम महापौर अजय मिश्रा बाबा करेंगे। अध्यक्षता शांतिधाम संचालिका बी.के. निर्मला करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाज सेवी डॉ0 के0के0 परौहा, डॉ0 ज्योति सिंह, वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ला के साथ डॉ0 नरेश बजाज उपस्थित होंगे। संस्थापक संरक्षक नारायण डिगवानी एवं अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू के कुशल निर्देशन मे होने वाले इस आयोजन की भव्य तैयारियॉ की गई है। मंच संचालन नगराध्यक्ष अनिल मिश्रा एड0, सांस्कृतिक कार्यक्रम संचालन राजीव वर्मा गुड्डू, रंगोली का संचालन संतोषी गुप्ता एवं मंच अतिथि व्यवस्था युवा अध्यक्ष सुमित मॉजवानी करेंगे। यह जानकारी महासचिव सुरेश विश्नोई एवं कोषाध्यक्ष प्रकाश तोमर ने दी है। एन.के. होण्डा एजेन्सी के प्रायोजन में धर्मपरिवार द्वारा इस वर्ष विंध्य विभूतियों में सर्वश्री सुभाष बाबू पाण्डेय अध्यक्ष मानस मंडल, डॉ0 राहुल मिश्र अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल, प्रकाश तरानी अध्यक्ष नगर विजयदशमी उत्सव समिति, पं0 राजीव शुक्ल अध्यक्ष विप्र सेवा समिति एवं कमलेश्वर द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी संस्थान में आज

**रीवा।** जनजन को आत्मीयता समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक दीपावली का स्नेह मिलन कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी संस्थान रीवा में रविवार 10 नवंबर को आयोजित किया गया है । यह कार्यक्रम दिनांक 10 नवंबर 2024 रविवार अपरान्ह 3:00 से शाम 5:00 तक प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय रीवा में एक स्नेह मिलन एवं सम्मान का कार्यक्रम रखा गया है ।

## पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष पेश किया, भेजे गये जेल

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकअनिल सोनकर, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती शिवाली चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सिटी कोतवाली अरविन्द सिहं राठौर द्वारा थाना के अपराध धारा 296/ 115/ (2)109 (1)/3 (5) बी.एन.एस. मे घटना घटित होने के 08 घण्टे के भीतर हत्या के प्रयास के सभी 06 आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है और न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 8/11/24 को एस.जी.एम. एच अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई की एक लड़का जिसके पेट मे चाकू धसा है जिसके साथ रानी तालाब के पास घटना घटित हुई है वह उपचार हेतु भर्ती हुआ जिसकी सूचना पर अबिलम्ब थाना से पुलिस अधिकारी को भेजकर देहाती नालसी लेख कराई जिसमे फरियादी बिक्रम चौधरी पिता सुखीलाल चौधारी उम्र 22 वर्ष निवासी कुईया थाना चोरहटा जिला रीवा बताया गया कि मै आज दिनांक 8/11/24 को अपने गाँव से मामा के पास रीवा आया था तथा मामा की मोटर सायकल लेकर रानी तालाब दर्शन करने गया था दर्शन करके राधाकृष्ण मन्दिर के पीछे बैठा था तभी 5-6 लड़के आये और गाली गुप्तार कर मारपीट करने लगे मारपीट करने से मना किया तो एक लड़का अपने कमर से चाकू निकालकर मेरे बाये बाखा मे घोप दिया चाकू मेरे बाखा मे ही फस गया तब एक अन्य लड़का पुनः मेरे पेट मे चाकू मारा और सभी लडके बोले इसे जान से खत्म कर दो तब मै जान बचाने के लिये हल्ला गोहार करते भागने लगा और आस पास के लोगो की मदद से ईलाज हेतु अस्पताल पहुचा देहाती नालसी पर से थाना मे नम्बरी अपराध धारा 296/ 115/ (2) 109 (1)/3 (5) बी.एन.एस. पंजीबध्द किया जाकर तत्काल अज्ञात आरोपियो की पतारसी हेतु पुलिस टीम तैयार की गई और फरियादी के बताये स्थान के आधार पर आस पास के लोगो से जानकारी ली गई जो रानी तालाब के पास घटना घटित होने की जानकारी दिये जिससे आस पास लगे सी.सी.टी.व्ही फुटेज को देखा गया जिसमे एक लड़का जिसके पेट से खून निकल रहा है वह दौड़ता दिख रहा था।

आरोपियों के संबंध में जानकारी इकट्ठा की गई तो पता चला जो लड़के घायल लड़के से मारपीट किए हैं उनमें कल्लू बंसल,चोबा बंसल एवं राजीब बंसल गुढ़ चौराहा के है और अभी नया तलाब के पास है जो पुलिस टीम की मदद से तीनो सन्देहियो को दस्तयाब कर पूछताछ की गई तोकल्लू बंसल, राजीब बंसल एवं चोबा बसल द्वारा रानी तलाब के पास चाकू बाजी की घटना अपने तीन अन्य साथी तमस बंसल अभिषेक साकेत, एवं गौरब बंसल के साथ मिलकर करना बताये। जो तीनो सन्देहियो कि निशा देही पर अन्य तीन सन्देही तमस बंसल, गौरब बंसल, एवं अभिषेक साकेत को भी रानी तालाब गुढ़ चौराहा नया तलाब के पास से दस्तयाब किया जाकर सभी 06 सन्देहियो को पुलिस अभिरक्षा मे लिया जाकर पुलिस टीम के माध्यम से थाना लाया जाकर सभी से पूछताछ की गई जो सभी फरियादी बिक्रम चौधरी के साथ लात घूसा से मारपीट करना एवं कल्लू उर्फ कविराज बंसल एवं आशीष उर्फ चोबा बंसल द्वारा बिक्रम चौधारी को हत्या कर देने की नियत से चाकू से मारना बताये तथा एक चाकू बिक्रम के पेट मे धसी रहना तथा दूसरी चाकू आशीष उर्फ चोबा बंसल के द्वारा नया तलाब घर के पास कबाड़ की दुकान मे छुपाना बताये जो आरोपी आशीष बंसल उर्फ चोबा बंसल की निशादेही मे घटना मे प्रयुक्त दूसरा चाकू जप्त किया गया प्रकरण मे सभी 06 आऱोपियो को घटना घटित होने के 08 घण्टे के भीतर गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है, जहा से आऱोपियो को केंद्रीय जेल रीवा मे दाखिल कराया गया है ।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य क्रियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833